मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
# उत्तरशक्ति
हिन्दी दैनिक
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 8 अंक 146
सोमवार, 08 दिसम्बर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## गोवा के क्लब में आधी रात को आग लगने से तीन महिलाओं समेत 23 लोगों की मौत

**गोवा, 07 दिसम्बर।** उत्तरी गोवा के एक नाइट क्लब में शनिवार देर रात सिलेंडर फटने के बाद आग लगने से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। राज्य के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बताया कि मारे गए अधिकतर लोग क्लब की रसोई में काम करते थे। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं और तीन से चार पर्यटक भी शामिल हैं।

घटनास्थल पर पहुंचे सांवत ने संवाददाताओं को बताया कि 23 लोगों में से तीन की मौत जलने जबकि अन्य की मौत दम घुटने से हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि शुरूआती जानकारी के अनुसार नाइट क्लब ने आग संबंधी सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं किया था।

बर्च बाय रोमियो लेन नामक नाइट क्लब में आधी रात के बाद आग लगी। राज्य की राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर अरपोरा में यह नाइट क्लब स्थित है। सावंत ने



कहा, हम क्लब प्रबंधन और उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे जिन्होंने सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन की अनदेखी की।

सावंत ने कहा, तटीय राज्य में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना ऐसे समय में हुई है जब बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हम घटना की गहन जांच करेंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गोवा पुलिस प्रमुख आलोक कुमार ने बताया कि आग सिलेंडर फटने के कारण लगी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय विधायक माइकल लोबो ने कहा, परिसर से सभी 23 शव बरामद कर लिए गए हैं और उन्हें बम्बोलिम में स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है।

लोबो ने संवाददाताओं को बताया कि अग्निशमन विभाग और पुलिस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और रात भर बचाव कार्य में लगी रहीं। उन्होंने कहा कि अधिकारी सभी क्लब का अग्नि सुरक्षा ऑडिट करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

विधायक ने कहा कि कलंगुटे पंचायत सोमवार को सभी नाइट क्लब को नोटिस जारी कर अग्नि सुरक्षा अनुमतियां दिखाने करने के लिए कहेगी। उन्होंने कहा कि जिन क्लब के पास आवश्यक अनुमतियां नहीं हैं, उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे।

## एयरलाइन क्षेत्र में एकाधिकार बना रहने तक हवाई किराये की सीमा लागू रहनी चाहिए : पी. चिदंबरम

**नई दिल्ली, 07 दिसम्बर।** इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान के मद्देनजर सरकार द्वारा हवाई किराए की सीमा तय किए जाने के बीच कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को कहा कि नागर विमानन मंत्रालय आखिरकार जाग गया है, और उन्होंने मांग की कि एयरलाइन क्षेत्र में एकाधिकार बना रहने तक इस तरह की मूल्य नियंत्रण व्यवस्था लागू रहनी चाहिए।

इंडिगो के परिचालन में व्यवधान के कारण पिछले कुछ दिनों में सैकड़ों उड़ानें रद्द और विलंबित हुईं, जिससे देश भर में हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुझे खुशी है कि नागर विमानन मंत्रालय आखिरकार जाग गया है और उसने इकोनॉमी क्लास के किराये की सीमा तय कर दी है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन क्षेत्र में एकाधिकार बना



रहने तक, इकोनॉमी क्लास में किराया सीमा लागू रहनी चाहिए।

कांग्रेस नेता ने कहा, कड़ी प्रतिस्पर्धा के अभाव में, जनहित की रक्षा का एकमात्र उपाय कीमतों पर नियंत्रण है। इससे पहले, उन्होंने कहा था कि इंडिगो के परिचालन में व्यवधान और देश भर के हवाई अड्डों पर अराजक माहौल इंडिगो प्रबंधन, नागर विमानन मंत्रालय, डीजीसीए और पूरी सरकार की भारी विफलता को दशार्ती है। यह उल्लेख करते हुए कि पायलट ड्यूटी समय से जुड़े नये नियम जनवरी 2024 में अधिसूचित किए गए थे, चिदंबरम ने कहा, फिर भी पिछले 23 महीनों में, सरकार एयरलाइन को उसके संचालन को नए नियमों के अनुरूप ढालने में विफल रही। नागर विमानन मंत्रालय और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) पूरी तरह से इसके लिए जिम्मेदार हैं।

## गोवा में नाइट क्लब में आग लगने से लोगों की मौत अत्यंत दुखद: अमित शाह

**नई दिल्ली, 07 दिसम्बर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि गोवा के एक नाइट क्लब में आग लगने की घटना में लोगों की मौत बेहद दुखद है। गृह मंत्री ने कहा कि स्थानीय प्रशासन बचाव एवं राहत अभियान संचालित कर रहा है और प्रभावितों को आवश्यक देखभाल प्रदान कर रहा है।

शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गोवा के अरपोरा में आग लगने की घटना में लोगों की मृत्यु बेहद दुखद है। स्थानीय प्रशासन बचाव एवं राहत अभियान संचालित कर रहा है और प्रभावितों को आवश्यक देखभाल प्रदान कर रहा है।

उन्होंने कहा, मेरी गहरी संवेदनाएं उन परिवारों के प्रति हैं, जिनके प्रियजनों ने इस हादसे में जान गंवाई है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ



होने की प्रार्थना करता हूं। रोमियो लेन स्थित एक नाइट क्लब बिर्च में मध्यरात्रि के बाद लगी आग में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई।

राज्य की राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर उत्तरी गोवा के अरपोरा गांव में स्थित यह पार्टी स्थल पिछले साल ही खुला था। घटनास्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बताया कि मृतकों में ज्यादातर लोग क्लब की रसोई में काम करने वाले कर्मचारी थे, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मरने वालों में तीन से चार पर्यटक भी शामिल हैं।

## कर्नाटक मुद्दे पर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने सोनिया गांधी के आवास पर विचार-विमर्श किया

**नई दिल्ली, 07 दिसम्बर।** कर्नाटक में सत्ता को लेकर जारी खींचतान और राज्य में नेतृत्व के मुद्दे पर शनिवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने सोनिया गांधी के आवास पर विचार-विमर्श किया। बैठक हालांकि बेनतीजा रही और जल्द एक और दौर की बैठक होने की संभावना है। ऐसा समझा जाता है कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने 10 जनपथ स्थित आवास पर हुई चर्चा में हिस्सा लिया क्योंकि पार्टी कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के बीच तनाव कम करना चाहती है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव के.



सी. वेणुगोपाल भी 10 जनपथ पर विचार-विमर्श में शामिल हुए।

बैठक के बाद वेणुगोपाल ने पत्रकारों से कहा, हमने मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर सामान्य चर्चा की। हमने कर्नाटक पर भी चर्चा की, लेकिन कर्नाटक के बारे में एक और चर्चा होगी। उन्होंने कहा, हमने आज कर्नाटक पर चर्चा की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। हम इस पर फिर चर्चा करेंगे... कांग्रेस एकजुट है। कर्नाटक कांग्रेस में भी एकजुटता है।

वेणुगोपाल ने कहा कि 14 दिसंबर को वोट चोरी के खिलाफ होने वाली रैली की तैयारियों और सामान्य राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा की गई।

इससे पहले दिन में बेंगलुरु में शिवकुमार, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ विधान सौध से हवाई अड्डे तक गए थे। उन्होंने बी आर आंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इससे नेतृत्व के मुद्दे पर दोनों नेताओं के बीच संभावित चर्चा को लेकर कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं।

कर्नाटक में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के 20 नवंबर को आधा कार्यकाल पूरा करने के बाद राज्य में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच सत्तारूढ़ पार्टी के भीतर सत्ता संघर्ष तेज हो गया था।

## ओडिशा को 2036 तक हरित ऊर्जा का केंद्र बनाने का लक्ष्य: चरण माझी

**ओडिशा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि राज्य ने 2036 तक हरित ऊर्जा केंद्र के रूप में उभरने का लक्ष्य रखा है। माझी ने राज्य की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने के लिए प्रयास किए जाने पर जोर दिया।

माझी ने शनिवार को पुरी में तीन दिवसीय वैश्विक ऊर्जा नेतृत्व शिखर सम्मेलन 2025 (जीईएलएस 2025) का उद्घाटन करने के बाद यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य का लक्ष्य 2036 तक जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता को उल्लेखनीय रूप से कम करना है। माझी ने ग्रामीण इलाकों में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में निवेश पर जोर दिया। उन्होंने बिजली को आत्मनिर्भरता और युवाओं के सशक्तीकरण के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा बताते हुए इसकी महत्ता पर जोर दिया।

## गोवा में नाइट क्लब में लगी भीषण आग, 25 मौतों पर कांग्रेस का हंगामा



**गोवा, 07 दिसम्बर।** पुलिस ने बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में लगी भीषण आग के मामले में जांच शुरू कर दी है। इस मामले में नाइटक्लब के मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा को बुक किया गया है। साथ ही, अरपोरा-नागोवा के सरपंच रोशन रेडकर को भी हिरासत में लिया गया है। यह दुखद घटना रविवार को आधी रात के बाद हुई, जिसमें कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इस भयानक हादसे के बाद गोवा में राजनीतिक हंगामा शुरू हो गया है। कांग्रेस पार्टी ने इस घटना के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के इस्तीफे की मांग की है। गोवा कांग्रेस के प्रमुख अमित पाटकर ने कहा, '25 निर्दोष लोग मारे गए हैं, इसलिए मुख्यमंत्री और इसमें शामिल सभी मंत्रियों को नैतिक और राजनीतिक आधार पर तुरंत इस्तीफा देना चाहिए।' उन्होंने राज्यपाल से भी अपील की है कि वे राष्ट्रपति से इस सरकार को बर्खास्त करने का अनुरोध करें, क्योंकि यह राज्य में ऐसी पहली घटना नहीं है।

यह आग उत्तरी गोवा के अरपोरा गांव में स्थित बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में लगी थी। यह जगह राज्य की राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर है। मारे गए 25 लोगों में से बताया जा रहा है कि 14 लोग नाइटक्लब के कर्मचारी थे, जबकि कुछ पीड़ित पर्यटक भी शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने इस घटना पर दुख जताया है, और अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गोवा के बीजेपी विधायक माइकल लोबो ने बताया कि अग्निशमन कर्मी और पुलिस ने रात भर बचाव कार्य किया। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए राज्य के अन्य क्लबों में भी फायर सेफ्टी ऑडिट करेंगे।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950

## सड़क हादसे में विश्वविद्यालय छात्र की मौत

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में एक निजी विश्वविद्यालय के 22 वर्षीय छात्र की रविवार को एक सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान गलगोटिया विश्वविद्यालय के छात्र विवेक कुमार शर्मा के तौर पर हुई है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह हादसा थाना दनकौर क्षेत्र में गलगोटिया विश्वविद्यालय के पास तब हुआ जब बाइक सवार शर्मा को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में युवक की मौके पर मौत हो गई।

प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।






# करता हर वर्गों का सम्मान हमारा भारतीय संविधान



-विक्रम दयाल

बिल्कुल सही है क्योंकि भारतीय संविधान की सबसे बड़ी विशेषता विविधता की सम्मान करते हुए सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देना है, चाहे वे किसी भी धर्म,जाति, लिंग या पृष्ठभूमि के हों, जो इस देश की आत्मा और एकता का प्रतीक बनता है। यह संविधान हर वर्ग के लोगों को एक साथ बांधता है और उन्हें अपने अधिकारों के साथ साथ जिम्मेदारियों का एहसास भी कराता है। संविधान के मुख्य विंदु जो इस वाक्य को दशार्ते है। समानताः अनुच्छेद 14 सभी को कानून के समक्ष समान मानता है और समान परिस्थितियों में समान व्यवहार सुनिश्चित करता है। विविधता का सम्मानः यह हर धर्म, भाषा, संस्कृत और जीवनशैली का सम्मान कराता है और उन्हें विना किसी भेदभाव के आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। समावेशी विकासः यह बच्चों, महिलाओं, दिव्यागों, अनुसूचित जातियों और जनजातियाँ जैसे कमजोर वर्गों के लिए विशेष प्रावधान करता है ताकि वे समाज की मुख्य धारा में आ सकें। लोकतंत्र और न्यायः यह न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों को बढ़ावा देता है, जो हर नागरिक के लिए समान अवसर सुनिश्चित करते हैं। संक्षेप में, यह संविधान सिर्फ कानून का सग्रह नही, बल्कि भारत की एकता और विविधता की पहचान है जो हर नागरिक को सम्मान और विकास को सुनिश्चित करता है। भारतीय संविधान के रचयिताः भारत रत्न बाबा साहेब डाक्टर भीमराव आंबेडकर जी को माल्यार्पण कर उन्हें संविधान दिवस पर उनके द्वारा संविधान निर्माण के लिए याद किया जाता है। भारत सा संविधानः देश कि आजादी के बाद भारतीय संविधान सभा का गठन हुआ। संविधान सभा मैं कुल 379 सदस्य थे, जिसमें 25 महिलाएं थी। संविधान के ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष डाक्टर भीमराव अंबेडकर थे। यह उस दौर में बहुत बड़ी बात थी कि जब छूआछूत और जाति-पाति मानी जाती थी, तब एक अस्पृश्य व्यक्ति को प्रभावशाली पद मिला हो। कई विशेषज्ञों के मुताबिक, संविधान सभा में बाबा साहेब का चयन उनकी प्रशासनिक दक्षता और राजनीतिक प्रभाव के कारण हुआ था। संविधान निर्माण के लिए जिस ड्राफ्टिंग कमेटी का गठन हुआ उसके मुखिया के तौर पर अंबेडकर का निर्वाचन हुआ। दरअसल उस समय नेहरू जी ने संविधान सभा के उद्देश्यों की एक रूपरेखा प्रस्तुत की थी , तब एक अन्य सदस्य रहे जयकर ने राय दी कि किसी भी प्रस्ताव पर मुस्लिम लीग के प्रतिनिधि के बिना मतदान नही किया जा सकता। इसपर अंबेडकर जी ने भी पहली बार हस्तक्षेप करते हुए कहा और अपनी राय दी। उनकी सलाह से बहुत सारे कांग्रेसी नेता प्रभावित हुए। अंबेडकर का संविधान निर्माण में योगदानः- यहाँ से उनकी भूमिका संविधान सभा की ड्राफ्टिंग को लेकर मजबूत होती गई। उन्होने संविधान सभा के चर्चा का संचालन और नेतृत्व किया। अंबेडकर जी ने अल्पसंख्यकों के अधिकारों के विषय में संबंधित अनुच्छेदों पर बहस के दौरान अपना नजरिया सबके सामने रखा। बतौर ड्राफ्टिंग कमेटी अध्यक्ष बाबा साहेब ने कई समितियों कि ओर से आये सभी प्रस्तावों को अनुच्छेदों मे सूत्रबद्ध किया। संविधान की संपादकीय जिम्मेदारी भी मुख्य तौर पर अंबेडकर जी ने ही उठाई। जिसे बाद में ड्राफ्टिंग कमेटी के सदस्य रहे टी.टी. कृष्णमाचारी ने संविधान सभा के सामने रखा। भारत सरकार के न्याय विभाग द्वारा चलाया गया एक राष्ट्रव्यापी अभियान है, जो संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य मैं शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य नागरिकों में संविधान के प्रति जागरुकता, समझ और गर्व की भावना को बढ़ाना है, ताकी वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों को जाने और एक सशक्त, न्यायपूर्ण और समावेशी भारत के निर्माण में योगदान दे सकें, जिसमें जन-जागरूकता कार्यक्रम और रचनात्मक प्रतियोगिताएं शामिल है। संविधान हमें केवल अधिकार नही देता, बल्कि एक प्रगतिशील राष्ट्र की दिशा दिखाता है। यह हमें एक स्वतंत्र नागरिक होने का एहसास कराता है और आत्मसम्मान की नीव है। यह भारत की लोकतान्त्रिक विरासत और संवैधानिक चरित्र को सुरक्षित रखता है।

# लोकतंत्र में : बन्दों को गिना करते हैं 'तौला' नहीं करते



-तनवीर जाफरी

नवनिर्वाचित बिहार विधानसभा के पहले सत्र में शपथ ग्रहण के दौरान गत 1 दिसंबर को भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था की वास्तविकता का एक अजीब दृश्य देखने को मिला जबकि राज्य की नवादा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित जनता दल (यूनाइटेड) विधायक विभा देवी को हिंदी में भी शपथ पत्र पढ़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। अनपढ़ होने के कारण ही वह ठीक से शपथ नहीं पढ़ पा रही थीं। इस संबंध में वायरल हुई वीडिओ में देखा गया कि शपथ लेने के दौरान वे बार-बार रुक गईं और उन्होंने पास में बैठी एक अन्य जे डी यू विधायक मनोरमा देवी से शपथ पूरी करने में मदद मांगीं जिन्होंने उन्हें शब्दों का उच्चारण बताया। स्वयं स्पीकर महोदय ने बार बार शपथ लेने में मनोरमा देवी की सहायता की जिसके बाद ही विभा देवी किसी तरह शपथ लेने की 'औपचारिकता ' निभा सकीं। विभा देवी का परिचय व उनकी योग्यता केवल यह है कि वे पूर्व विधायक और विवादित 'बाहुबली' राजबल्लभ यादव की पत्नी हैं। वे आर जे डी के प्रत्याशी कौशल यादव को 27,594 वोटों से हराकर विजयी घोषित हुई हैं। गोया अब बिहार का भाग्य लिखने वालों में एक नाम विधायक विभा देवी का भी शामिल होगा। राज्य के नेतृत्व में ऐसे और भी कई उदाहरण हैं। इसी बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार देश के प्रसिद्ध चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर शायद यह सोचकर जन सुराज नामक अपनी पार्टी बनाकर मैदान में उतरे होंगे कि जब वे दूसरे दलों व उनके नेताओं को चुनावी जीत दिला सकते हैं तो स्वयं अपने गृह राज्य में अपनी पार्टी बनाकर विजयी क्यों नहीं हो सकते ? सुख और विलासता के जीवन को त्याग कर गत तीन वर्षों तक पूरे बिहार की खाक छानने के बाद अपनी ही कमाई के करोड़ों रुपए पानी में बहाकर जो मुद्दे वे जनता के सामने रख रहे थे निश्चित रूप से वही मुद्दे आज की राजनीति विशेषकर बिहार की जरूरत हैं। जैसे शिक्षा,पलायन,बेरोजगारी व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को ही उन्होंने अपने चुनाव के सर्वप्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया। इतना ही नहीं बल्कि जितने शिक्षित,अनुभवी,सज्जन,योग्य व दूरदर्शी लोगों को प्रशांत किशोर ने जन सुराज पार्टी का प्रत्याशी बनाया शायद राज्य के किसी अन्य दल ने नहीं बनाया। परन्तु भारतीय राजनीति व देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था का आज का सच यही है कि नवादा की जिस नवनिर्वाचित विधायक विभा देवी के अनपढ़ होने के कारण उनका मजाक उड़ाया गया उनके मुकाबले में जन सुराज पार्टी ने जिस अनुज सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था वे संसाधन भूगोल (Resource Geography) में पीएचडी धारक थे परन्तु उन्हें कुल 19349 वोट हासिल हुए और वे तीसरे नंबर पर रहे, जबकि अनपढ़ विभा देवी ने कुल 87423 वोट पाकर जबरदस्त जीत दर्ज की।

अब एक नजर डालते हैं पूर्व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह प्रकरण पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह ने बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान ही बिहार की नीतीश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुये सरकार की नीतियों, भ्रष्टाचार और पार्टी नेताओं पर कुछ गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने बिहार सरकार व अदानी पावर लिमिटेड के मध्य 62,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हुये यह दावा किया था कि यह अडानी को फायदा पहुंचाने की साजिश है। उन्होंने इस विषय पर सीबीआई जांच की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने भाजपा नेताओं जैसे भाजपा के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर 1995 हत्या मामले आरोपी होने, अपनी आयु व शिक्षा छिपाने जैसे प्रशांत किशोर के गंभीर आरोपों का समर्थन किया था । आर के सिंह ने अनंत सिंह जैसे एनडीए उम्मीदवारों को अपराधी बताते हुए लोगों से उन्हें वोट न देने की अपील भी की थी । परन्तु 'बलिहारी ' हो इस 'लोकतंत्र' की, कि सम्राट चौधरी भी चुनाव जीतकर पुनः राज्य के उप मुख्यमंत्री बन गये और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अनंत सिंह भी विजयी हो गये। जबकि दूसरी ओर इनको आइना दिखाने वाले आर के सिंह जैसे ईमानदार व शिक्षित नेता के आरोपों को भाजपा ने 'अनुशासनहीनता' व ₹पार्टी-विरोधी गतिविधियां₹ मानते हुये उल्टे उन्हें ही पार्टी से निलंबित कर दिया। उधर अपने निलंबन के कुछ ही घंटों बाद सिंह ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को पत्र लिखकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने इस्तीफे में भी साफ कहा कि यह कार्रवाई ₹भ्रष्ट लोगों के साथ साठगांठ₹ को साबित करती है। उन्होंने भाजपा आलाकमान से यह भी पूछा कि भ्रष्टाचार व अपराधियों के विरुद्ध आवाज उठाना क्या भाजपा की नजरों में अनुशासनहीनता है ? परन्तु लोकतंत्र में तथ्य व आरोप से भी बड़ा है जनमत या 'बहुमत'। यानी जो जीता वही सिकंदर। अब एक नजर राहुल गाँधी की बिहार में की गयी पदयात्रा पर भी डालिये। राहुल गाँधी ने बिहार में कभी पलायन रोकने के विषय को मुद्दा बनाकर तो कभी वोट अधिकार यात्रा के नाम पर बिहार के लोगों को जागरूक करने की पूरी कोशिश की। राजनीति व राज्य के विकास के बुनियादी मुद्दों पर उन्होंने जनता को जागृत करने का प्रयास किया। परन्तु चुनाव नतीजों ने उन सभी बुनियादी मुद्दों पर भी पानी फेर दिया। गोया मतदाताओं को न तो शिक्षित व चरित्रवान राजनीतिज्ञ समझ आये न ही भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम। न ही राहुल गाँधी, आर के सिंह व प्रशांत किशोर जैसे स्पष्ट बोलने व राजनैतिक दूरदृष्टि रखने वाले संघर्षशील नेता। बल्कि राज्य की जनता जनार्दन ने मुफ़्त राशन,बैंक खातों में मुफ़्त पैसा, धर्म-जाति,परिवारवाद,अनपढ़,अपराधी जैसे मुद्दों व प्रत्याशियों के पक्ष में अपनी राय जाहिर की। दरअसल आज के चतुर व शातिर राजनेता यह समझ चुके हैं बहुमत हासिल करने के लिये क्या क्या हथकंडे अपनाये जाने चाहिए। और किस तरह मतदान में 'बहुमत ' को अपने पक्ष में करना चाहिये। शायद लोकतंत्र की इसी 'त्रासदी' से प्रभावित होकर ही अल्लामा इकबाल ने लिखा था कि - 'जम्हूरियत वह तर्ज-ए-सियासत है कि जिसमें।' 'बन्दों को गिना करते हैं,'तौला' नहीं करते।'

# भारतः रूस आर्थिक व रक्षा साझेदारी ने रचा नया भू-राजनीतिक इतिहास



-सुरेश गांधी



**वैश्विक राजनीति के उथल-पुथल भरे दौर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा सिर्फ कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि उभरते हुए नए वैश्विक समीकरण की गूंज बनकर सामने आई है। जब यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, चीन की आक्रामकता और मध्य-पूर्व की अनिश्चितता ने विश्व व्यवस्था को अस्थिर कर रखा है, ऐसे समय में भारत और रूस ने अपनी दशकों पुरानी दोस्ती में नई ऊर्जा भरते हुए एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है, रणनीतिक स्वायत्तता और आपसी भरोसा वैश्विक राजनीति का नया आधार बन रहा है। दिल्ली में हुई 23वीं वार्षिक शिखर बैठक में 16 समझौते और 4 प्रमुख घोषणाएं यह साबित करती हैं कि यह रिश्ता सिर्फ भावनात्मक नहीं, बल्कि बहुआयामी विकास, तकनीकी सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा उत्पादन, कृषि, अंतरिक्ष और मानव संसाधन के साझा हितों पर आधारित है। वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर के व्यापार का लक्ष्य तय करना, रूसी उद्योगों के लिए भारत से प्रशिक्षित श्रमिक भेजना, भारत को तेल-गैस की निर्बाध आपूर्ति की गारंटी, उर्वरक संयंत्र की स्थापना और आतंकवाद पर पुतिन का दो-टूक समर्थनकृइन सबने भारत को वैश्विक मंच पर नई मजबूती दी है। यह यात्रा दुनिया को बता गई कि बदलते विश्व-व्यवस्था में भारत अब ह्लसाइलेंट प्लेयरह्व नहीं, बल्कि निर्णायक रणनीतिक शक्ति है, अपने हितों के साथ, अपने आत्मविश्वास के साथ मतलब साफ है यह न सिर्फ भारतः रूस की विशेष रणनीतिक साझेदारी का नया अध्याय होगा, बकि 2030 तक 100 अरब डॉलर व्यापार, ऊर्जा-रक्षा सुरक्षा और वैश्विक भू-राजनीति में भारत की निर्णायक मजबूती होगी**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 23वीं भारत, रूस वार्षिक शिखर बैठक के लिए भारत यात्रा, एक परंपरागत कूटनीतिक आयोजन भर नहीं थी. यह ऐसे समय में हुई जब दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है. यूक्रेन-रूस युद्ध जारी है, पश्चिम-रूस तनाव चरम पर है, चीन एशिया व हिंद-प्रशांत में आक्रामकता बढ़ा रहा है, और मध्य-पूर्व से लेकर अफ्रीका तक ऊर्जा व खाद्यान्न की वैश्विक आपूर्ति अस्थिर दिखती है। ऐसे परिदृश्य में रूस और भारत का एक-दूसरे के प्रति दृढ़ता से खड़ा रहना अंतरराष्ट्रीय संबंधों की भाषा में बहुत दूर तक संकेत देता है, और इस साझेदारी को नया रणनीतिक अर्थ दे देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच यह बैठक ह्लविशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारीह्न की पुनर्पुष्टि थी। 16 समझौतों और 4 महत्वपूर्ण घोषणाओं ने यह संदेश दिया कि दोनों देश आने वाले दशक में अपनी कूटनीति, अर्थव्यवस्था, रक्षा, ऊर्जा, कृषि, मानव संसाधन, अंतरिक्ष और तकनीक को गहरे स्तर पर जोड़ने जा रहे हैं। सबसे अहम है वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य, जो बताता है कि रूस भारत को वैश्विक मंच पर केवल मित्र के रूप में नहीं, बल्कि रणनीतिक भागीदार के रूप में देख रहा है।

16 समझौतों और 4 घोषणाओं ने बहुआयामी साझेदारी को मजबूती दी है. (1) 2030 तक 100 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्यः द्विपक्षीय व्यापार पहले ही 65 से 70 अरब डॉलर तक पहुँच चुका है। अब दोनों देशों ने ह्लरणनीतिक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम, 2030ह्न शुरू किया है, जिसमें ऊर्जा, कृषि, मशीनरी, फर्टिलाइजर, समुद्री लॉजिस्टिक्स, डिजिटल सेवाओं और रक्षा उद्योग को केंद्र में रखा गया है। (2) प्रशिक्षित भारतीय कर्मियों की रूस में तैनातीः रूसी उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार भारत कुशल श्रमिक भेजेगा। यह समझौता ऐसे समय में हुआ जब रूस में युद्ध के प्रभाव के कारण उद्यमवृत्त की भारी कमी है। भारत के युवाओं के लिए यह रोजगार का नया द्वार खोलता है। (3) खाद्य सुरक्षा और निर्यात सहयोगः दोनों देशों ने भारत से रूस को कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने, क्वालिटी स्टैंडर्ड साझा करने और खाद्य परीक्षण व्यवस्था मजबूत करने का फैसला किया। इससे भारतीय कृषि-उद्योग को बड़ा बाजार मिलेगा। (4) रूस में भारतीय उर्वरक संयंत्र की राह साफः भारत की कंपनियाँ रूस में यूरिया और अन्य उर्वरक फैक्टरियाँ स्थापित करेंगी। यह भारत की खाद्य सुरक्षा के लिए निर्णायक कदम है, क्योंकि देश में उर्वरक आयात पर अभी भी भारी निर्भरता है। (5) ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक प्रतिबद्धताः पुतिन ने ह्लअविरल, निर्बाध तेल एवं गैस आपूर्तिह्न की व्यक्तिगत गारंटी दी। यह ऐसे समय में बड़ी बात है जब पश्चिमी प्रतिबंध रूस की आपूर्ति-श्रृंखला को चुनौती दे रहे हैं। (6) नाभिकीय ऊर्जा और अंतरिक्ष में नई साझेदारीः कुडनकुलम परियोजना के अतिरिक्त नए संयंत्रों पर बातचीत, तथा अंतरिक्ष सहयोग को नई दिशा मिली है। (7) पर्यटन और लोगों की आवाजाहीः रूसी नागरिकों को भारत 30-दिवसीय ई-विसा देगा, समूह पर्यटन वीजा की घोषणा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, (8) आतंकवाद पर पुतिन का स्पष्ट समर्थनः भारत के आतंकवाद-विरोधी रुख, विशेषकर पाकिस्तान-आधारित आतंकी ढाँचों पर पुतिन का समर्थन ऐतिहासिक हैः जीरो टॉलरेंस टेर्ररिज्म। यह संदेश भारत के लिए सामरिक विजय है।

भारत के लिए बहुआयामी लाभ होगा. ऊर्जा सुरक्षा का मजबूत आधार बनेगा. भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है। रूस से सस्ता कच्चा तेल भारत की अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष लाभ देता है। निर्बाध आपूर्ति के आश्वासन से पेट्रोल-डीजल कीमतों में स्थिरता, औद्योगिक ऊर्जा लागत में कमी, ऊर्जा तटस्थता में मजबूती सुनिश्चित होगी। उर्वरक व कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी सहायता मिलेगी. रूस दुनिया के सबसे बड़े उर्वरक निर्यातकों में है। रूस में भारतीय उर्वरक संयंत्र से भारत में उर्वरक संकट कम होगा, लागत घटेगी, आयात पर निर्भरता कम होगी, किसानों को लाभ मिलेगा. कुशल श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। भारत के आईटीआई, टेक्निकल, मेडिकल और इंडस्ट्रियल सेक्टर के युवा रूस में नौकरी प्राप्त कर सकेंगे। यह भारत के स्किल टू वर्ल्ड, विजन को गति देगा। रक्षा साझेदारी में बड़ा लाभ होगा. रूस आज भी भारतीय सैन्य तकनीक का प्रमुख स्तंभ है, ब्रह्मोस, सुखोई, टी-90, एस-400, मिग-29 अपग्रेड, नई वार्ता में को-प्रोडक्शन और कोडेवलपमेंट पर जोर दिया गया है, जिससे भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता तेज होगी। वैश्विक राजनीति में भारत की स्थिति मजबूत होगी. जब पूरी दुनिया रूस से दूरी बना रही है, भारत का संतुलित रुख यह दिखाता है कि भारत किसी दबाव में नहीं, सामरिक स्वायत्तता बनाए हुए है, ऊर्जा और रक्षा हित सर्वोपरि है. यह विदेश नीति की परिपक्वता है।

जहां तक अमेरिका, यूरोप और चीन की बेचैनी क्यों बढ़ी? का सवाल है तो पश्चिम चाहता है कि भारत रूस पर दबाव बढ़ाए। पर भारत की स्पष्ट नीति है, राष्ट्रीय हित सर्वोपरि। अमेरिकी थिंक टैंक पहले ही कह चुके हैं कि भारत रूस की मदद कर रहा है ऊर्जा बाजार स्थिर रखने में। जबकि पुतिन का खुला आतंकवाद विरोधी समर्थन पाकिस्तान की कूटनीति पर गहरा झटका है। रूस - भारत रक्षा सहयोग का बढ़ना पाकिस्तान - चीन के गठजोड़ को असहज करता है। क्योंकि भारत और रूस दोनों आतंकवाद को साझा खतरा मानते हैं। चीन रूस को अपनी ओर खींचने की कोशिश में है। परन्तु रूस का भारत के साथ खुले रूप से जुड़ना बीजिंग की रणनीति को कमजोर करता है। वैश्विक भू-राजनीति में भी भारत रूस साझेदारी का खासा महत्व है। (1) ऊर्जा भू-राजनीति में भारत की निर्णायक भूमिकाः भारत ऊर्जा का स्थिर खरीदार है, रूस स्थिर आपूर्तिकर्ता। दोनों का जुड़ना तेल-बाजार में नई स्थिरता लाता है। (2) एशियाई क्षेत्र में शक्ति संतुलनः चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच रूस-भारत सहयोग हिंद-प्रशांत में नया समीकरण बनाता है। (3) पश्चिमी दबाव में भी भारत की स्वायत्तताः भारत ने दिखाया है कि वह, अमेरिका का मित्र है, रूस का पुराना रणनीतिक साथी, परंतु किसी के प्रभाव में नहीं. यह ह्लमल्टी-वेक्टरह्ल डिप्लोमेसी की पराकाष्ठा है। भारत-रूस गठजोड़ ग्लोबल साउथ देशों की ऊर्जा, तकनीक और मुद्रा-सहयोग पहल को आगे बढ़ाता है।

हालांकि कुछ चुनौतियाँ भी है, जिन्हें भारत को ध्यान में रखना होगा. रूस पर बढ़ते प्रतिबंध भुगतान व्यवस्था और परिवहन पर असर डाल सकते हैं। भारत को वैकल्पिक वित्तीय तंत्र को मजबूत करना होगा। रूस पर चीन का प्रभाव बढ़ रहा है। भारत को संतुलन बनाए रखते हुए साझेदारी आगे बढ़ानी होगी। यूक्रेन युद्ध के लंबे खिंचने की संभावना है। इससे रूस की आर्थिक प्राथमिकताएँ बदल सकती हैं। रूस-भारत व्यापार का बड़ा हिस्सा समुद्री मार्ग से आता है। भारत को, पोर्ट, कोल्ड-चेन, लॉजिस्टिक्स को मजबूत करना होगा। कुल मिलाकर राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा ने एक स्पष्ट संदेश दिया, भारत विश्व व्यवस्था का ह्लसाइलेंट खिलाड़ीह्न नहीं, निर्णायक पोल बन चुका है। भारत ने दिखाया कि वह, अपने हितों पर अडिग है। ऊर्जा व रक्षा मुद्दों पर समझौता नहीं करेगा. रूस जैसे पुराने साझेदार को छोड़कर पश्चिम की ओर नहीं झुकेगा. और अमेरिका से समान दूरी बनाए रखकर ग्लोबल बैलेंस की भूमिका निभाएगा. यह परिपक्व और आत्मविश्वासी भारत का रूप है। मतलब साफ है रूस की तकनीक $ भारत का बाजार और जनशक्ति = 2030 तक बनने वाली नई आर्थिक-रणनीतिक धुरी, भविष्य में रक्षा उत्पादन, उर्वरक, ऊर्जा, अंतरिक्ष, समुद्री व्यापार, कृषि, डिजिटल भुगतान, इनमें भारत-रूस सहयोग दुनिया के सामने नया मॉडल होगा। भारत रूस की साझेदारी विश्व-राजनीति के उतार-चढ़ाव से ऊपर उठकर आगे बढ़ी है। अब यह संबंध रणनीतिक, आर्थिक, तकनीकी, सामाजिक और भू-राजनीतिक, सभी स्तरों पर एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। 2030 तक 100 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य इस नए युग की घोषणा है। ऊर्जा-सुरक्षा, तकनीक, रक्षा आत्मनिर्भरता, कृषि व रोजगार, हर क्षेत्र में भारत को निर्णायक लाभ मिलने वाला है। पाकिस्तान की बेचैनी, चीन की असहजता और पश्चिम की चिंता यह बताने के लिए पर्याप्त है कि भारत का उदय अब विश्व व्यवस्था का केंद्र बन रहा है, और रूस इस यात्रा का एक स्थिर, विश्वसनीय साथी।

# अंतरराष्ट्रीय मंच पर शिष्टाचार और भारतीय प्रतिनिधित्व का सवाल



-प्रियंका सौरभ

भारत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के इंटरव्यू को लेकर उठी बहस किसी छोटे विवाद का परिणाम नहीं है, बल्कि यह उस बड़े प्रश्न से जुड़ा है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से किस प्रकार की छवि प्रस्तुत कर रहा है। जब इंडिया टुडे/आज तक की पत्रकार अंजना ओम कश्यप और उनकी सहयोगी गीता मोहन ने पुतिन का इंटरव्यू लिया, तब उस बातचीत से अधिक चर्चा में उनका बैठने का ढंग, शारीरिक मुद्रा और व्यवहार आ गया। कई दर्शकों ने इसे भारतीय शिष्टाचार के विरुद्ध माना, और यह मुद्दा सोशल मीडिया, समाचार मंचों और सार्वजनिक विमर्श में तेजी से उभरा।

यह चर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सिर्फ दो पत्रकारों के व्यक्तिगत व्यवहार का मामला नहीं रह गया है, यह भारत के सांस्कृतिक चरित्र, अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार, राजनयिक संवेदनशीलता और भारतीय मीडिया की पेशेवर पहचान का व्यापक प्रश्न बन चुका है। वैश्विक राजनीति के इस दौर में, जहाँ हर शब्द, हर चित्र और हर संकेत तुरंत विश्वभर में प्रसारित हो जाता है, किसी भी प्रतिनिधि का व्यवहार देश की सामूहिक पहचान का हिस्सा बनकर देखा जाता है।

भारतीय सभ्यता का मूल भाव हमेशा विनम्रता, सम्मान और मयार्दा पर आधारित रहा है। ह्लअतिथि देवो भवह्न सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि भारतीय समाज की जड़ों में गहराई से बसा जीवनझ्रमूल्य है। हम मानते आए हैं कि अतिथि का स्वागत सम्मानपूर्वक किया जाए, चाहे वह किसी भी शक्ति, समाज या देश से आता हो। ऐसे में जब रूस जैसी महाशक्ति के राष्ट्रपति, जो वैश्विक राजनीति में एक निर्णायक भूमिका निभाते हैं, भारत के पत्रकारों को इंटरव्यू देने बैठते हैं, तो लोगों की अपेक्षा स्वाभाविक रूप से अधिक हो जाती है। इन अपेक्षाओं का केंद्र यह है कि पत्रकारों का व्यवहार पेशेवर हो—शब्दों में दृढ़ता हो, प्रश्नों में साहस हो, पर मुद्रा और प्रस्तुति में गरिमा भी हो। भारतीय नागरिकों का यह मानना गलत नहीं है कि उनके मीडिया प्रतिनिधि विश्व मंच पर भारत की सांस्कृतिक मयार्दा को भी साथ लेकर चलें। पत्रकारिता का स्वरूप स्वभावतः निर्भीक होता है। सत्ता से सवाल पूछना इसका धर्म है। अंतरराष्ट्रीय नेता भी इस बात से भलीभांति परिचित होते हैं कि मीडिया की भूमिका केवल प्रशंसा करने की नहीं होती, बल्कि आलोचना और कठोर प्रश्न भी उसी लोकतांत्रिक ढांचे का हिस्सा होते हैं जिसमें शक्तिशाली नेतृत्व स्वयं को जवाबदेह बनाता है। लेकिन साहसी प्रश्न पूछने और असभ्यता की सीमा लाँघने में अंतर होता है, और यही अंतर इस बहस को तर्कसंगत बनाता है।

बहुतझ्रसे दर्शकों का कहना था कि बैठने का ढंग अत्यधिक अनौपचारिक और एक राष्ट्राध्यक्ष की उपस्थिति के अनुपयुक्त था। आप चाहे दुनिया के किसी भी देश की मीडिया प्रथाओं को देखें, वहां एक न्यूनतम स्तर का औपचारिक शिष्टाचार इंटरव्यू के संदर्भ में अपनाया जाता है, विशेषकर तब जब साक्षात्कारकर्ता कोई राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या उच्चझ्रपदस्थ वैश्विक नेता हो। रूस के राष्ट्रपति पुतिन जैसे नेता के साथ ऐसा इंटरव्यू सामान्य मीडिया बातचीत नहीं माना जाता; यह भारतझ्ररूस संबंधों के अप्रत्यक्ष प्रतीकात्मक आयाम का हिस्सा होता है।

दर्शकों के मन में यह भी स्वाभाविक प्रश्न उठा कि जहाँ पुतिन अत्यंत संतुलित, सीधी मुद्रा में, कूटनीतिक गरिमा के साथ बैठे थे, वहीं भारतीय पत्रकारों का अत्यधिक सहज, लगभग घरेलू अंदाज में बैठना क्या अंतरराष्ट्रीय अपेक्षाओं के अनुरूप था? लोग यह नहीं कह रहे कि पत्रकार सिर झुकाकर, भयभीत होकर या अधीनस्थ मुद्रा में बैठें। लेकिन सभ्यता और शिष्टाचार के अनुकूल एक बुनियादी औपचारिक शैली हर पेशेवर को अपनानी चाहिए। यही वह सांस्कृतिक सूक्ष्मता है जो भारत की पहचान को अलग करती है। सवाल यह भी है कि क्या यह विवाद अतिझ्रसंवेदनशीलता का परिणाम है? क्या जनता ने पत्रकारों के काम से अधिक उनके बैठने को मायने दे दिया? यह प्रश्न भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। मीडिया की एक भूमिका यह भी है कि वह सहज माहौल बनाए ताकि नेता खुलकर बोल सकें। लेकिन क्या सहजता का अर्थ शिष्टाचार त्याग देना है? यह संतुलन ही इस बहस का केंद्र है।

एक और महत्वपूर्ण आयाम यह है कि विवाद के बीच कुछ सोशल मीडिया संदेशों में यह दावा किया गया कि पश्चिमी देश भारतीयों को अपमानजनक नामों से बुलाते हैं। यह कथन न केवल तथ्यहीन है बल्कि इससे भारतीय समाज में अनावश्यक हीनभावना भी पैदा होती है। किसी एक पत्रकार के व्यवहार को आधार बनाकर पूरे देश पर ऐसे अपमानजनक लेबल लगाना न केवल गलत है बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा के भी खिलाफ है। भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, वैश्विक कूटनीति का केंद्र है, और दुनिया भारतीय प्रतिभा को सम्मान और अवसर दे रही है। ऐसे में गलत, अपमानजनक और प्रमाणझ्रविहीन बातों का प्रचार केवल समाज को विभाजित करता है। भारतीय पत्रकारिता के सामने आज एक बड़ा चुनौतीपूर्ण मोड़ है। एक तरफ यह सरकारों और शक्तिशाली संस्थाओं से कठोर सवाल पूछने की जिम्मेदारी निभाती है, दूसरी तरफ इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेशेवर व्यवहार के मानकों का भी पालन करना होता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि भारत दुनिया में सशक्त आवाज बनना चाहता है, तो उसके मीडिया को भी उसी स्तर की गरिमा और गंभीरता दिखानी होगी। इस विवाद ने एक और पहलू उजागर किया—भारत में सोशल मीडिया की तुरंत और तेज प्रतिक्रिया। आज हर दृश्य, हर शब्द, हर गतिविधि पलभर में करोड़ों लोगों तक पहुँच जाती है। यह लाभदायक है क्योंकि इससे जवाबदेही बढ़ती है, पर यह चुनौतीपूर्ण भी है क्योंकि भावनाएँ तर्क से अधिक प्रभावी हो जाती हैं। इसी कारण कभीझ्रकभी घटनाएँ वास्तविकता से अधिक बढ़ाझ्रचढ़ाकर प्रस्तुत हो जाती हैं। लेकिन इस मामले में लोगों की भावनाओं में एक वास्तविक चिंता झलकती है—भारतीय पहचान को विश्व मंच पर किस प्रकार प्रदर्शित किया जा रहा है?

यह आलोचना पत्रकारों को अपमानित करने के लिए नहीं है। यह एक गंभीर और आवश्यक विमर्श है कि भारत, जो विश्व राजनीति में लगातार ऊँचा उठ रहा है, उसे अपने व्यवहार, भाषण, प्रस्तुति और संवाद-शैली में भी वैसा ही परिपक्व और संतुलित दिखना चाहिए। भारत की सांस्कृतिक परंपरा केवल वेशभूषा या भाषा तक सीमित नहीं है; यह हमारे आचरण, विनम्रता, आदर और संतुलन में भी प्रकट होती है। अंतरराष्ट्रीय नेता भारत की ओर सिर्फ उसकी आर्थिक और रणनीतिक क्षमता के कारण नहीं देखते, बल्कि उसकी सांस्कृतिक शक्ति, उसकी नैतिक परंपरा और उसकी गहरी सभ्यता के कारण भी। हिंदुस्तान की यही पहचान रही है कि हमने विश्व को शिष्टाचार, संवाद और संतुलन की विरासत दी है। इसलिए यह अपेक्षा भी स्वाभाविक है कि हमारे पत्रकार, हमारे कूटनीतिज्ञ, हमारे प्रोफेशनल्स—जब वे विश्व के सामने भारत का चेहरा बनते हैं—तो वे उस गरिमा और सौम्यता को भी प्रतिबिंबित करें जो हमें विशिष्ट बनाती है। इस घटना ने एक सीख दी है—संचार का दायरा जितना बढ़ेगा, जिम्मेदारियाँ भी उतनी ही बड़ी होंगी। और जब जिम्मेदारी देश की प्रतिष्ठा से जुड़ी हो, तो छोटीझ्रछोटी बातें भी महत्वपूर्ण हो जाती हैं। बैठने का ढंग, पेशेवर मुद्रा, भाषा—सभी उस बड़े फ्रेम का हिस्सा हैं जिसे दुनिया भारत के रूप में देखती है।

अंततः इस बहस का सार यही है कि पत्रकारिता की स्वतंत्रता और साहस का सम्मान किया जाए, पर साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भारत की सांस्कृतिक गरिमा और अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार का सम्मान हर मंच पर बना रहे। स्वतंत्रता और मयार्दा विरोधी नहीं हैं—दोनों मिलकर भारत की उस संतुलित, परिपक्व और विश्वसनीय छवि को गढ़ते हैं जिसकी आज दुनिया को आवश्यकता है।

# साहित्य सत्य की साधना, संस्कृति का शाश्वत पर्याय



संजीव ठाकुर

मनुष्य केवल शरीर मात्र नहीं, वह चेतना का संवाहक है, और जब यही चेतना भावनाओं की अनुभूति लेकर किसी व्यक्त रूप में शब्दों से साकार होती है, तब उसका परिवर्जित, परिष्कृत और सृजनात्मक रूप साहित्य कहलाता है। साहित्य कोई जड़ संस्था नहीं, बल्कि एक जीवंत संवेदना है। जो समय, समाज, परिस्थितियों और मानवीय अनुभूति के साथ-साथ निरंतर विकसित होती रहती है। इसमें सत्य की साधना है, शिवत्व की कामना है और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी। जब मनुष्य अपने अंतर की स्पंदित आत्मा को शब्दों में ढालता है, तब वह न केवल अपने युग का दस्तावेज रचता है, बल्कि आने वाले युगों तक मानवता के हृदय को आलोकित करता रहता है। उत्कृष्ट साहित्य समाज की भावनाओं का आधारस्तंभ होता है, जो मनुष्य के भीतर छिपी उस सहज वृत्ति को जाग्रत करता है, जो करुणा, प्रेम, समरसता, नैतिकता और मानवीय संवेदना से पोषित होती है। साहित्य की यह शाश्वतता उसे कालजयी बनाती है; इसी कारण कालिदास की कवित्व दृष्टि, सूरदास की भक्ति संवेदना, कबीर की निर्भीक वाणी, प्रेमचंद का यथार्थ और शेक्सपियर की मानवीय त्रासदी आज भी उतनी ही प्रासंगिक प्रतीत होती है, जितनी अपने समय में थी। उनकी कृतियाँ मात्र शब्दों का सौंदर्य नहीं, बल्कि मानव-आत्मा के संवेदनात्मक इतिहास की जीवित प्रतिलिपियाँ हैं, जो यह स्मरण कराती हैं कि युगों की दूरी होने पर भी मनुष्य की पीड़ा, आशा, संघर्ष और संवेदना की मौलिक ध्वनि नहीं बदलती, केवल उसका बाह्य रूप परिवर्तित होता है। राजनीतिक और भौगोलिक विभाजनों के बीच भी साहित्य मनुष्य को एक धरातल पर लाता है, क्योंकि शब्द का संसार सीमाओं से परे है। यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं कि ह्लभाषाएँ भिन्न हो सकती हैं, पर भाव एक ही रहते हैं ह्व किसी राष्ट्र की भाषा और साहित्य उसकी सभ्यता, संस्कृति, विचार-यात्रा और मानसिक प्रगति के सूचक होते हैं। साहित्य के अध्ययन से समाज की आत्मा को जाना जा सकता है—उसके उल्लास, संघर्ष, स्वप्न, पीड़ा और परिवर्तन की दिशा को समझा जा सकता है। मुंशी प्रेमचंद ने साहित्य को ह्लजीवन की आलोचनाह्व कहा था, और यह परिभाषा आज के संदर्भ में और अधिक सार्थक प्रतीत होती है। साहित्य केवल सौंदर्य का उत्सव नहीं, बल्कि समाज के नैतिक संकटों का दर्पण है, जो विसंगतियों को उजागर करता है, अन्याय पर प्रश्न उठाता है, और मनुष्य के अंतस में छिपे विवेक को जगाता है। सशक्त लेखक अपने समय की संवेदना का प्रहरी होता है। वह शब्दों के माध्यम से उस मौन को स्वर देता है, जो अक्सर व्यवस्था, भय, लोभ या मोह में दब जाता है। प्राचीन ऋषि-परंपरा से लेकर आधुनिक विचारकों तक, प्रत्येक युग का साहित्य मानवता के चरित्र का संपूर्ण चित्रण करता है। साहित्य और संस्कृति का संबंध उतना ही गहरा है जितना नदी और जल का, यदि संस्कृति मूल्य, सदाचार, परंपरा, आध्यात्मिकता और आस्था का रूप है, तो साहित्य उन मूल्यों को शब्दों की धारा में प्रवाहित करने वाला माध्यम है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी मानव चेतना को जीवित और सार्थक बनाए रखता है। जब समाज किसी मूल्य-संकट से गुजरता है, तब सृजनशील साहित्य ही उसे नयी दिशा, नयी दृष्टि और नयी ऊर्जा प्रदान करता है। वर्तमान समय में जब भौतिकता की चमक ने मानवीय संवेदना को लगभग ढँक लिया है, जब सूचना का विस्फोट तो है पर अनुभूति की गहराई का अभाव है, जब तकनीक ने मनुष्य को मशीनों के मध्य अकेला कर दिया है, तब साहित्य की भूमिका और अधिक निर्णायक और गंभीर हो गई है। आज का साहित्य केवल विचार का माध्यम नहीं, बल्कि विवेक का रक्षक और मानवीय करुणा का प्रहरी है। जो साहित्य इस युग में मनुष्य को मनुष्य बने रहने की चेतना देता है—वही श्रेष्ठ साहित्य है। हिंदी साहित्य विशेष रूप से समन्वय-प्रधान रहा है। कबीर की निर्भीकता, रविंद्रनाथ टैगोर की आध्यात्मिकता, प्रेमचंद का यथार्थवाद, जयशंकर प्रसाद की भाव-संवेदना, महादेवी वर्मा की करुणा, दिनकर का ओज और फणीश्वरनाथ रेणु की ग्राम्य चेतना—ये सभी मिलकर हिंदी साहित्य को जनमानस की आत्मा बनाते हैं। उनकी कृतियाँ केवल साहित्य नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन हैं। साहित्य एक सामाजिक प्रक्रिया है, यह अपने समय की आर्थिक, राजनीतिक और वैचारिक परिस्थितियों से प्रभावित होता है और उन्हें प्रभावित भी करता है। यथार्थवाद और आदर्शवाद का संयम ही साहित्य की पूर्णता है। जयशंकर प्रसाद के शब्द—जीवन की अभिव्यक्ति यथार्थवाद है और अभाव की पूर्ति आदर्शवाद—आज भी उतने ही सार्थक हैं, क्योंकि समाज को बदलने के लिए केवल यथार्थ देखकर चलना पर्याप्त नहीं, आदर्श की दृष्टि भी अनिवार्य है। आज जब संवेदनाओं का क्षरण, संबंधों में दूरी और मनुष्यता में विभाजन बढ़ रहा है, तब साहित्य ही वह शक्ति है जो हृदय को पुनः हरियाली से भर सकता है, समाज में संवाद की संस्कृति को पुनर्जीवित कर सकता है, और मानवीय मूल्यों की लौ को पुनः प्रज्वलित कर सकता है। साहित्य हमें यह याद दिलाता है कि समय बदल सकता है, पर मानवता का मूल स्वर करुणा, प्रेम और शांति ही है। साहित्य शब्दों का संग्रह मात्र नहीं, वह जीवन का सार, समाज का दिशा-दर्शन और अंधकार में आशा का दीपक है। वही साहित्य श्रेष्ठ है जो मनुष्य के भीतर भी प्रकाश जलाए और बाहर भी पथ आलोकित करे। निश्चय ही वह दिन दूर नहीं जब हिंदी साहित्य अपने मानवीय विस्तार, वैश्विक संवेदना और सांस्कृतिक गहराई के कारण विश्व-पटल पर और अधिक आदर और प्रतिष्ठा प्राप्त करेगा। क्योंकि अंततः साहित्य वही है जो मानवता को बचाए रखे, और यही उसकी सबसे बड़ी साधना है, यही उसका शिवत्व है।

# विकास और विश्वास की नई ऊंचाइयों को छू रहा महाराष्ट्र : कृपाशंकर सिंह



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार का एक वर्ष पूरा हो गया है। 5 दिसंबर 2024 को फडणवीस ने तीसरी बार मुख्यमंत्री की शपथ ली थी। महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने महायुति सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में महाराष्ट्र विकास और विश्वास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मजबूत नेतृत्व और जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता से विकास को नई गति और नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक वर्ष में नए एयरपोर्ट से लेकर मेट्रो और हाईवे तक कई सौगातें दी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुसुम योजना का उल्लेख करते हुए कृपाशंकर सिंह ने कहा कि सिर्फ एक महीने में महाराष्ट्र में 45,911 सोलर पंप लगाए गए, जिससे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। देशभर में 9 लाख पंप लगे हैं, जिसमें अकेले महाराष्ट्र में 7 लाख पंप लगाए गए। यह किसानों को दिन में भी मुफ्त बिजली प्रदान करने में मदद करेगा।

# जिला परिषद चुनाव के मद्देनजर भाजपा, शिंदे गट के कार्यकर्ता ठाकरे ग्रुप में हुये शामिल



**आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव की घोषणा कुछ ही दिनों में होने की संभावना है जिसके वजह से भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शिंदे ग्रुप के साथ शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी में शामिल हो गए हैं। भिवंडी शिवसेना के मध्यवर्ती शाखा कार्यालय में उपनेता विश्वास थले, ग्रामीण जिला प्रमुख कुंदन पाटिल, लोकसभा सह संपर्क संगठक सोन्या पाटिल, तालुका प्रमुख करसन ठाकरे ने उन्हें मशाल के निशान वाला भगवा झंडा देकर पार्टी में स्वागत किया। पिंपलास जिला परिषद गट से भाजपा के प्रकाश माली, जगदीश पताले, गीतांजलि पताले, शिवसेना शिंदे गट से साईनाथ नागावकर, गणेश माली, दीपेश म्हस्के, मयूर म्हस्के, फुलाजी म्हस्के, बाबू काशीनाथ पाटिल, अनंत देहू म्हस्के, अशोक माली, दर्शन माली, सदाशिव माली, गणेश माली, अभिषेक म्हस्के, अनिल भोईर, संदीप पताले, श्रवण म्हस्के, अक्षय पाटिल शिवसेना ठाकरे गट में शामिल हो गए हैं। इस प्रवेश के बाद तालुका में शिवसेना ठाकरे गट की ताकत बढ़ गई है। दूसरी राजनीतिक पार्टियों से लोग छीने जाते हैं लेकिन लोग खुद ही शिवसेना ठाकरे गट में आते हैं जो निष्ठावान नहीं होते वे भाग जाते हैं जो निष्ठावान होते हैं वे वहीं रहते हैं कहते हुये उपनेता विश्वास थले ने पार्टी में शामिल होने वालों का स्वागत किया है।

# डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर राकांपा की ओर से भोजनदान व आरोग्य शिविर का आयोजन



**मुंबई।** भारतीय संविधान के निमार्ता, ज्ञान के अथाह सागर, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर दादर शिवाजी पार्क में मुंबई विभागीय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से भोजनदान और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री अन्नासाहेब बनसोडे, विधायक श्रीमती सना मलिक, प्रदेश महासचिव संजय तटकरे, प्रदेश महासचिव संतोष धुवाली के साथ-साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मुंबई प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष, तालुका अध्यक्ष और राकांपा चांदीवली विधानसभा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी खास तौर पर मौजूद थे।

# पीएनजी ज्वैलर्स ने पटना में पहला शोरूम खोलकर बिहार में रखा कदम

**मुंबई/पटना।** भारत के सबसे भरोसेमंद और १९३ साल पुरानी विरासत वाले ज्वेलरी ब्रांड पीएनजी ज्वैलर्स ने आज ७ दिसंबर २०२५ को बिहार में अपना पहला भव्य शोरूम लॉन्च किया। कंकड़बाग मेन रोड पर स्थित ४००० स्क्वेअर फीट के इस फ्लैगशिप स्टोर के साथ, ब्रांड ने ऐतिहासिक पेशवा रूट के विस्तार में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति के बाद, बिहार पीएनजी ज्वैलर्स के लिए स्वाभाविक रूप से अगला प्रमुख बाजार था।

पीएनजी ज्वैलर्स के बड़े ग्राहक वर्ग का एक हिस्सा लंबे समय से बिहार से रहा है, जिसने ब्रांड को राजधानी पटना में अपने पहले स्टोर के माध्यम से इस बढ़ते उपभोक्ता आधार को और बेहतर सेवा देने के लिए प्रेरित किया। शोरूम में ग्राहकों को पीएनजी के सभी प्रमुख कलेक्शनों का संपूर्ण अनुभव मिलेगा। स्टोर में ब्रांड के लाइटवेट फाइन ज्वेलरी डिवीजन लाइटस्टाइल और पीएनजी हाउस के लोकप्रिय सिल्वर ज्वेलरी ब्रांड सिल्वोस्टाइल के लिए विशेष जोन भी बनाए गए हैं।

# फरहान आजमी बने मुंबई कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नए अध्यक्ष



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** बांद्रा पश्चिम स्थित सेंट एंडयूज कॉलेज के ऑडिटोरियम में हुए भव्य कार्यक्रम में कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के मुंबई अध्यक्ष पद पर फरहान आजमी ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर सैकड़ों कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की नफरत वाली राजनीति के खिलाफ पार्टी को मजबूत करने और ह्यमुहब्बत वाली राजनीतिह्न को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण बातें साझा की। उन्होंने सभी कार्यकताओं से नफरत और मजहब की राजनीति से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष फरहान आजमी ने कहा, यह नफरती सरकार हिंदू मुस्लिम भाईचारे को खत्म करना चाहती है, जिसे हम सभी मिलकर नाकाम बनाएंगे। हिंदू मुस्लिम सभी एक होकर इस विभाजनकारी सरकार को खत्म करेंगे।आज देश बहुत बुरे दौर से गुजर रहा है देश के एयरपोर्ट, सरकारी संपत्तियां के साथ साथ जिन अस्पतालों से गरीबों का इलाज होता है उन्हें भी ये सरकार प्राइवेट कर बड़े उद्योगपतियों को दे रही है यह सरकार केवल हिंदू मुस्लिम को लड़ाकर हर स्टेट में सत्ता हथियाना चाहती है इसे हमे नाकाम करना है और हमारे नेता राहुल गांधी कहते हैं कि हमारी सरकार बने या ना बने हम नफरत की राजनीति नहीं करेंगे चाहे सत्ता हमें मिले या ना मिले।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने अपने भावुक भाषण में कहा, नफरत का जवाब नफरत से नहीं, बल्कि मुहब्बत से देना चाहिए। जैसा नेल्सन मंडेला ने जेलर के सामने किए, हमें भी नफरत की राजनीति का मुंह तोड़ जवाब देना है। भाजपा नफरत फैला रही है और यह राजनीतिक संस्कृति हमें स्वीकार नहीं। आज देश की हालत यह है कि अगर कोई कांग्रेस का एमएलए अपने इलाके में चल रहे बुलडोजर के खिलाफ आवाज उठाता है तो उसे रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को शरण देने वाला यह सरकार उपाधि देती है इस सरकार के मोह माया से बाहर निकलना होगा और गंगा जमुनी तहजीब को फॉलो कर इस देश को बचाने के लिए हिंदू मुस्लिम को एक होकर इस सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। मुंबई कांग्रेसाध्यक्ष एवं सांसद वर्षा गायकवाड़ ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपा कभी महंगाई, बेरोजगारी, ट्रैफिक, कचरे जैसी जनसमस्याओं पर बात नहीं करती, केवल नफरत की राजनीति करती है। हमें भाजपा की नफरत से सावधान रहना होगा और कांग्रेस की एकता की राह अपनानी होगी वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि आज यह सरकार देश की सारी सरकारी संपत्तियों को देश के उद्योगपतियों को बेचना चाहती है यह सरकार उद्योगपतियों की सरकार है इस देश को देश के उद्योगपति चला रहे हैं अगर जनता सावधान नहीं हुई तो हमें पुनः गुलामी के तरफ जाना पड़ेगा इसके लिए अभी से जनता सावधान हो जाए और इस नफरती सरकार को उखाड़ फेके। पदभार ग्रहण समारोह में इमरान प्रतापगढ़ी, वर्षा गायकवाड़, मोहम्मद आरिफ नसीम खान, असलम शेख, अमीन पटेल, गणेश कुमार यादव, वजहाद मिर्जा, हाजी बब्बू खान, अहमद खान, गफूर खान, समीर अंसारी, हमीद शेख, याकूब शेख, जमील सय्यद, निजामुद्दीन राइन, तौसीफ अंसारी, मोहम्मद राशिब, समीम अंसारी, राजा रहबर खान समेत हजारों कांग्रेस अल्पसंख्यक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह कार्यक्रम कांग्रेस की एकता और मुंबई में अल्पसंख्यक समाज के लिए एक मजबूत नए दौर की शुरूआत साबित होगा।

# उपमुख्यमंत्री के हाथों शिवसेना कार्यालय का उद्घाटन



**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** रविवार को डोंबिवली पश्चिम में पैनल क्रमांक 22 में शिंदे की शिवसेना के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों हुआ। उद्योग मंत्री उदय सामंत और सांसद डॉक्टर श्रीकांत शिंदे उपस्थित थे। इस पैनल से महापालिका के पूर्व स्थायी समिति सभापति विकास म्हात्रे, उनकी पत्नी कविता म्हात्रे, गोरखनाथ उर्फ बाळा म्हात्रे और संदेश पाटील पालिका चुनाव में संभावित उम्मीदवार रहेंगे । इतना ही नही उप मुख्यमंत्री शिंदे ने विकास म्हात्रे की जमकर तारीफ की कहा की शिंदे विकास म्हात्रे के साथ हमेसा खड़े रहेंगे। विकास म्हात्रे कुछ दिन पहले ही बीजेपी को छोड़ शिंदे शिवसेना में सामिल हुवे थे । एकनाथ शिंदे ने विकास म्हात्रे और उनके सहयोगियों को शुभेच्छा दी। उन्होंने कहा कि विकास म्हात्रे के नाम में ही विकास है, इसलिए उनके पैनल का विकास शानदार होगा। नगर विकास विभाग के माध्यम से जितना निधि आवश्यक होगा, उतना निधि देने का आश्वासन शिंदे ने दिया।

# राज्य में महायुती की सरकार ने विकास कामों को दिया गती: उप मुख्यमंत्री शिंदे

## उपमुख्यमंत्री शिंदे और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चव्हाण दिखे एक साथ



**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** डोंबिवली में शनिवार को राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संत सावळाराम महाराज क्रीड़ा संकुल के पुनर्विकास कार्य और सावित्रीबाई फुले नाट्यगृह के नूतनीकरण के काम का भूमिपूजन किया। लगभग 180 करोड़ रुपये के निधि से क्रीड़ा संकुल के चरण 1 के तहत विकास कार्य किए जाएंगे, जबकि 15 करोड़ रुपये के निधि से सावित्रीबाई फुले नाट्यगृह का पहला चरण नूतनीकरण किया जाएगा। ऐसी जानकारी उप मुख्यमंत्री शिंदे ने दी । इस भूमिपूजन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण और सांसद श्रीकांत शिंदे मंत्री उदय सामंत केडीएसी कमिश्नर ,विधायक राजेश मोरे ,विधायक सुलभा गायकवाड़ उपस्थित थे ।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा की कल्याण डोंबिवली की पेयजल समस्या को हल करने के लिए काळू बांध को गति देने का आश्वासन उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिया है। उन्होंने कहा कि कल्याण डोंबिवली के नागरिकों की पेयजल समस्या को स्थायी रूप से हल करने के लिए कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका का स्वतंत्र बांध आवश्यक है। मुख्यमंत्री रहते हुए काळू बांध को गति देने के लिए एमएमआरडीए के माध्यम से लगभग 500 करोड़ का निधि मंजूर किया गया था। इस बांध के काम को गति देने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात की गई है। इस बांध को गति मिलने से कल्याण डोंबिवली को काळू बांध मिलेगा और नागरिकों की पेयजल समस्या स्थायी रूप से हल होगी।

शिंदे ने कहा कि महाविकास आघाड़ी सरकार स्थगिती सरकार थी, लेकिन महायुती ने विकास को गति दी है। विकास कार्यों के लिए निधि की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि लाडकी बहिण योजना कभी भी बंद नहीं होगी।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री नहीं बने होते तो कोकण का विकास नहीं हुआ होता। उन्होंने कहा कि खासदार शिंदे ने पंतप्रधान कार्यालय से विकास कार्यों के लिए निधि लाया है और उनके मतदार संघ में विकास की भरीव कामें हुई हैं।

# विधायक भोईर के निधी से विकास कार्यों का भूमिपूजन

## बल्याणी में खराब सड़कों के लिए जिम्मेदार केडीएसी



**टिटवाला (उत्तरशक्ति)।** टिटवाला के बल्याणी प्रभाग में शिवसेना के विधायक विश्वनाथ भोइर और पूर्व नगरसेविका नमिता मयूर पाटिल के प्रयासों से बल्याणी प्रभाग में विकास कार्यों को गति मिल रही है। रविवार को बल्याणी गांव मोहिली गांव और टिपन्नानगर में सीसी सड़कें बनाने, नालियां बनाने और कई विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। इस मौके पर उपशहर प्रमुख अंकुश जोगदंड, शाखाप्रमुख रोहन कोट, अरविंद पाटिल, उद्योगपति राम तरी और शिवसेना के कई पदाधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुवे मयूर पाटील ने कहा की बल्याणी में सड़कों की बदहाली को लेकर पूर्व नगरसेवक मयूर पाटिल ने कल्याण-डोंबिवली महापालिका पर नाराजगी व्यक्त की। मयूर पाटिल ने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास पर महापालिका ने हमेशा अनदेखी की है। सड़कों की मरम्मत के लिए सिर्फ कागजी कार्रवाई की गई, लेकिन वास्तविक रूप से धन उपलब्ध न करवाए जाने के कारण सड़क के कार्य अधूरे पड़े हैं। महापालिका ने बल्याणी प्रभाग के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया है। नगरसेवकों का कार्यकाल समाप्त हो गया है, फिर भी विधायक विश्वनाथ भोईर के फंड से कार्य जारी है।

# बाबासाहेब ने महिलाओं के उत्थान हेतु किया अविस्मरणीय कार्य : प्रो. सुरज आष्टेकर

## मोतीलाल कानजी कनिष्ठ महाविद्यालय में महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान समाजसुधारक , भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मोतीलाल कानजी कनिष्ठ महाविद्यालय, चिंचणी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रा. सुरज आष्टेकर ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके कार्यों को याद किया।

उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समाज के वंचित, शोषित, गरीब एवं विशेष रूप से महिलाओं के अधिकार और सम्मान के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे किसी एक समाज या वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के नेता थे, जिनकी सोच मानवता और समानता पर आधारित थी। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता प्रा. संजय बहारे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आंबेडकरवाद ही सम्यक विचार देने वाला मार्ग है, जो व्यक्ति को बुद्धिप्रामाण्यवादी, तार्किक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब का विचार समाज में जाति, धर्म, लिंग, वंश भेद मिटाकर मानवमुक्ति और सद्भावना की स्थापना का संदेश देता है। विद्यार्थियों को आंबेडकर के जीवन और विचारों का गहन अध्ययन अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में शैलेश जाधव ने वंदन गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर सौ. वर्षा चुरी, प्रा. चारुशीला बहारे, प्रा. जयकृष्ण राजपूत, प्रा. ममता पाटील, प्रा. प्रतीक्षा जोशी, प्रा. प्रिती राउत, प्रा. लहू महाजन तथा एनएसएस +2 स्तर के स्वयंसेवक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बाबासाहेब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना +2 विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का प्रास्ताविक कार्यक्रम अधिकारी प्रा. एकनाथ पाटील ने प्रस्तुत किया तथा सूत्र संचालन व आभार प्रदर्शन प्रा. स्वज्वल राऊत ने किया।

# महाविद्यालयीन अंताक्षरी स्पर्धा मे रईस जूनियर कालेज ने जीता प्रथम पुरस्कार जीतकर लहराया परचम



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** मुंबई की मशहूर साहित्यिक संस्था उर्दू कारवां द्वारा उर्दू साहित्य के प्रचार एवं प्रसार के मकसद से उर्दू दशक मनाया गया। इस दौरान दस दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान अंतर कनिष्ठ महाविद्यालयीन अंताक्षरी स्पर्धा का भी आयोजन किया गया। उक्त स्पर्धा में भिवंडी के मशहूर विद्यालय रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज की ओर से तीन छात्राओं पर आधारित टीम ने भाग लिया। इनमें अंसारी अजवा, अंसारी गुल फेशां (बारहवीं साइंस) और अंसारी अरबिया (बारहवीं कामर्स) शामिल थीं। जिसमें मुंबई और उसके आस-पास के कालेजों की टीमों के बीच कड़े मुकाबले में जजों के एकमत फैसले के आधार पर रईस जूनियर कालेज भिवंडी की टीम को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार 5 दिसंबर को मौलाना मुहम्मद अली जौहर हाल, खिलाफत हाउस भायखला मुंबई में आयोजित किया गया। जहां विजयी टीम को पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भिवंडी पूर्व के विधायक रईस कासम शेख एवं अन्य अतिथियों द्वारा ट्राफी, प्रशस्तिपत्र एवं अन्य पारितोषिक से सम्मानित किया गया। छात्राओ के इस शानदार कामयाबी पर केएमई सोसायटी के अध्यक्ष अलमाज फकीह, सचिव दानियाल काजी, कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे, स्कूल और कालेज कमेटी के चेयरमैन यासर तातली, प्रिंसिपल जियाउर रहमान अंसारी, वाइस प्रिंसिपल आमिर सिद्दीकी, असिस्टेंट हेड मास्टर मुखलिस मदू, सुपरवाइजर्स असरार पठान, मुजदान मुल्ला, सिब्तैन कशेलकर, वाईसीएमओयू स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर अब्दुल अजीज अंसारी और सभी कर्मचारियों ने सफल छात्राओं एवं मार्गदर्शक अध्यापिका सोफिया मोमिन को बधाई दी है।

# पालघर जिला हिंदी साहित्य समिति ने किया कविता एवं गीतों की सुरमई संध्या का भव्य आयोजन



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** पालघर जिला हिंदी साहित्य समिति के तत्वावधान में प्रखर समाजसेवी रामकृष्ण दांडेकर (सुधीर दादा) की अध्यक्षता में शनिवार 6 दिसंबर 2025 को कविता एवं गीतों की एक मनमोहक सुरमई संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नोइंग सिटीजन नीड्स (के.सी.एन. क्लब) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदन मिश्रा त्यागी मुख्य अतिथि एवं डॉ. कुसुम शर्मा (सेवानिवृत्त प्राध्यापिका-विभागाध्यक्ष, सोनोपंत दांडेकर महाविद्यालय) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व कुमारी कृतिका अमित दुबे की सुरभित सरस्वती वंदना के साथ हुआ। सूत्र संचालन की बागडोर सौ. रेणु ललित शुक्ला ने संभाली। उन्होंने महान साहित्यकार फिराक गोरखपुरी को केंद्र में रखते हुए ऊर्जा और दक्षता के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान की। कार्यक्रम की शुरूआत के.सी.एन. क्लब की साहित्यिक उपशाखा निर्झरिणी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह की गजलों से हुई, जिसने महफिल को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा दिया। इसके बाद शांताराम परदेशी, अवधेश विश्वकर्मा, कल्पेश यादव, शेखर तिवारी और रेणु शुक्ला की काव्य प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का भरपूर मन मोहा। वीर रस के कवि-पत्रकार संपत उजाला की दमदार प्रस्तुति को विशेष सराहना मिली। इसी क्रम में दिघे साहब द्वारा माउथ ऑर्गन पर फिल्म शोले के गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों एवं श्रोताओं को रोमांचित कर दिया। सुधाकर मिश्रा की हास्यपूर्ण रचनाओं ने कार्यक्रम में हंसी की लहर दौड़ा दी। कवयित्री इंदु मिश्रा और अमित दुबे की प्रस्तुतियों ने भी सबका दिल जीत लिया।कार्यक्रम में अंत तक उपस्थिति दर्ज कर उत्साह बढ़ाने वालों में विद्याधर शुक्ला, योगेश तिवारी, धीरेन्द्र तिवारी, हरिओम शाह और भोलानाथ तिवारी के नाम प्रमुख रहे। वहीं जवाहर नवोदय विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक इंद्र राज यादव तथा स्पाइडर क्रिकेट अकादमी के संस्थापक-संचालक ललित शुक्ला की उपस्थिति भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# सोनभद्र में ट्रक पलटने से खुला 50 लाख की शराब तस्करी का राज

## सड़क पर बोतलें बिखरते देख पुलिस भी हैरान

## पुलिस को ट्रक में लदे चावल की बोरियों के नीचे से मिली पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब की भारी खेप

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। सोनभद्र के हाथीनाला-दुद्धी मार्ग पर स्थित खतरनाक रजखड़ घाटी में शनिवार देर रात एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दुद्धी पुलिस को ट्रक में लदे चावल की बोरियों के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही पंजाब निर्मित भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप मिली। तिरपाल फटने से सड़क पर बोतलें बिखरते देख पुलिसकर्मी भी स्तब्ध रह गए। चालक व खलासी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।



मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी दुद्धी एवं चौकी प्रभारी इंचार्ज हरिकेश राम आजाद ने तुरंत आबकारी विभाग की टीम को सूचित किया। संयुक्त कार्रवाई में McDowell No.1 और Royal Challenge ब्रांड की कुल 326 पेटियां तथा 169 प्लास्टिक बोरियों में भरी 15,669 बोतलें बरामद की गईं। कुल 5960.265 लीटर अवैध शराब की बाजार कीमत लगभग 50 लाख रुपए आंकी गई है। ट्रक की कीमत 15 लाख जोड़कर कुल बरामदगी 65 लाख रुपए की हो गई।

पुलिस के अनुसार, यह उत्तर प्रदेश में पंजाबी शराब की अब तक की सबसे बड़ी एकल खेप है। जांच में सामने आया कि ट्रक के केबिन से बरामद बिल्टी, टैक्स इनवॉइस व ई-वे बिल में दर्ज वाहन नंबर अलग था, जबकि असली नंबर UP63 T6441 निकला। स्पष्ट है कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए अंतरराज्यीय शराब तस्करी का बड़ा रैकेट चल रहा था। पुलिस ने ट्रक मालिक रविन्द्र नाथ यादव (निवासी खरैला सराय पलटू, आजमगढ़) तथा दिल्ली की दो फर्मों- श्री राम एंटरप्राइजेज व कृष्णा ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट पैकर्स एंड मूवर्स- को नामजद आरोपी बनाया है।

# शाहगंज पुलिस ने अपहरण/बालात्कार/पोक्सो एक्ट से संबंधित आरोपी को किया गिरफ्तार

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। डा0 कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक ,जौनपुर के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में दिनांक-06.12.2025 को थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा अपहरण/बालात्कार/पोक्सो एक्ट से संबंधित 01 आरोपी को किया गया गिरफ्तार।

**पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरणः** दिनांक 10.06.2025 को जान्हवी सिंह पुत्री दिनेश कुमार सिंह उम्र लगभग 17 वर्ष को शशिकांत उर्फ महादेव बिन्द पुत्र भरतू निवासी खेमीपुर थाना पवई जनपद आजमगढ़ ने अपनी प्रेम जाल में फंसा कर तथा बहला फुसलाकर घर से भगा ले गया था कि दिनेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 राम पलट सिंह निवासी रामपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 198/2025 धारा 137(2),87 भारतीय न्याय संहिता 2023 पंजीकृत था।

**गिरफ्तारी का विवरणः** दिनांक




06.12.2025 को समय 17:15 बजे उ0नि0 रामविलास मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त शशिकांत उर्फ महादेव बिन्द पुत्र भरतू निवासी खेमीपुर थाना पवई जनपद आजमगढ़ को चिरैया मोड़ शाहगंज से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

**पूछताछ का विवरणः** शशिकान्त उर्फ महादेव बिंद पुत्र भरथु बिंद निवासी खेमीपुर थाना पवई जनपद आजमगढ़ उम्र 19 वर्ष घटना के सम्बन्ध में पूछने पर बता रहा हैं कि मेरी बात चीत जान्हवी सिंह पुत्री दिनेश कुमार सिंह निवासी रामपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर से होती थी । धीरे-धीरे हम दोस्त बन गये, बाद में हमें एक-दूसरे से प्यार हो गया। इसी बीच जान्हवी सिंह के घर वालो को हमारे बारे में पता चल गया तो उसके घर वाले उसकी शादी के लिये लड़का तलाश करने लगे। तो जान्हवी मेरे पास आ गयी और हम दोनों लोग एक साथ रहने लगे।

# अब हर थाने में होगा होमगार्ड रूमः सीएम योगी

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी थानों में होमगार्ड स्वयंसेवकों के लिए अलग कक्ष आरक्षित करने की घोषणा की है। साथ ही जवानों को कैशलेस इलाज उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। सीएम योगी शनिवार को मुख्यालय में होमगार्ड संगठन के 63वें स्थापना दिवस समारोह में परेड की सलामी लेने के बाद संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने होमगार्ड के जवानों को सेवा का मूलमंत्र देते हुए कहा कि सेवा ही सम्मान है, अनुशासन ही पहचान है तथा राष्ट्रहित ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीएम ने कहा कि होमगार्ड 1963 से प्रदेश पुलिस का सुरक्षा कवच रहा है। पहले उपेक्षित रहे जवानों को अब राष्ट्रपति एवं गृह मंत्रालय के सम्मान भी प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था, यातायात संचालन, डायल 112, चुनाव, जेल सुरक्षा, आपदा नियंत्रण, सार्वजनिक भवन सुरक्षा, महाकुंभ और परीक्षाओं जैसे बड़े आयोजनों में होमगार्ड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कोरोना काल का उल्लेख करते हुए सीएम ने



कहा कि उस दौरान प्रत्येक परिवहन वाहन में 1-2 होमगार्ड जवान तैनात किए गए, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना प्रवासी कामगारों को सुरक्षित घरों तक पहुंचाया।

सीएम ने बताया कि ड्यूटी के दौरान दिवंगत हर जवान के परिवार को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जा रही है। अब तक 2,871 जवानों के आश्रितों को 143 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की जा चुकी है। दैनिक, प्रशिक्षण और अंतर-जनपदीय भत्तों में वृद्धि की गई है। विभागीय कार्यालयों और आवासीय भवनों के निर्माण को गति दी गई है। वर्तमान में 44 कार्यालय अपनी इमारतों से संचालित हो रहे हैं, जबकि नौ भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मुख्यालय परिसर में कर्मचारियों के लिए जी-प्लस-इलेवन आवास भी निर्माणाधीन है।

**परिजनों को 35 से 40 लाख तक की बीमा सहायताः** प्रदेश में वर्तमान में आपदा मित्रों की नियुक्ति हो रही है और होमगार्ड विभाग ने आपदा प्रबंधन विभाग के साथ मिलकर चार हजार से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया है। दुर्घटना में जवान की मृत्यु पर परिजनों को 35 से 40 लाख रुपये तक की बीमा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। विभाग वेबसाइट और होमगार्ड मित्र एप के माध्यम से उपस्थिति, भत्तों और भुगतान को पूरी तरह पारदर्शी व डिजिटल बना रहा है। कार्यक्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति, प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह, महानिदेशक एमके बशाल समेत बड़ी संख्या में अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

# सद्भावना पुल विसर्जन घाट के पास मिला वृद्ध की शव

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शहर के सद्भावना पुल विसर्जन घाट के पास उस समय हड़कंप मच गया जब एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली।सूचना पर हल्का पुलिस टीम और कोबरा के जवान पहुंचे।टीम को पहुँचने पर पता चला कि करीब 65 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया



कि मृतक पिछले कई दिनों से सद्भावना पुल विसर्जन घाट पर ही रह रहा था और भिक्षा मांगकर अपना जीवनयापन करता था। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि अत्यधिक ठंड की वजह से उसकी मौत हुई होगी। जांच के दौरान मृतक के कपड़ों की तलाशी ली गई, जिसमें उसकी जैकेट की जेब से आधार कार्ड बरामद हुआ। आधार कार्ड के अनुसार मृतक का नाम जगदीश सोरी, पिता मिलाप सोरी, निवासी अटल चौक, कन्नेवाडा, कराही, जिला बलोद (छत्तीसगढ़) पाया गया। कोबरा टीम की सहायता से शव को मोर्चरी हाउस भेजा गया। पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क साधने में जुटी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# गांव के सक्रिय किसानों के साथ बैठक कर जोड़ने का संस्था कर रही है प्रयासः संतोष

## बम्बावन गांव में किसानों को किया गया जागरूक

केराकत, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय क्षेत्र के बम्बावन ग्राम में स्थित पंचायत भवन परिसर में आस्था महिला एवम बाल विकास संस्था के तत्वाधान में किसानों को गेहूं की बुवाई सुपर सीडर से कराने को लेकर



जागरूक किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र अमीहित के आरके सिंह व संस्था के संस्थापक संतोष पाण्डेय संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए।किसानों को जागरूक करते हुए आर के सिंह ने बताया कि गेहूं और सरसों की बुवाई सुपर सीडर के माध्यम से ही कराए, जिससे पौधे की बढ़त अच्छी होगी और मुनाफा भी ज्यादा मिलेगा।संस्थापक संतोष पांडेय ने ग्राम पंचायत विकसित कार्य योजना (GPDP)पर प्रकाश डालते हुए मौजूद सभी पंचायत सदस्यों एवं पदाधिकारियों को मिट्टी की जांच एवं सुपर सीडर से बुलाई के लिए प्रेरित किया।साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी संस्था गांव के सक्रिय किसानों के साथ निरंतर बैठक कर कृषि की अन्य योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही हैं।वही इंजीनियर वरुण ने बताया कि खेतों में जितना कम पेस्टीसाइड और उर्वरक का उपयोग करेंगे उतना लाभकारी होगा कार्बन साथ ही मुक्त पर्यावरण का निर्माण करना भी आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन अनिता ने किया गया। इस अवसर पर नीरज, अनीता, ललिता, आलोक सिंह, दीपनारण, पंचायत सहायक अटल व पानी संस्थान से बैजनाथ मौजूद रहे।

# लखनऊ में पुजारी ने की बुजुर्ग महिला की हत्या

## घर में चोरी के लिए घुसा था, तीन आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। जानकीपुरम थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला की हत्या के केस का पुलिस ने शुक्रार को खुलासा कर दिया। हत्या का आरोपी उनके पड़ोस में सिटी मजिस्ट्रेट के यहां पूजा-पाठ करने वाला पुजारी है। वह चोरी करने के इरादे से घर में घुसा था। जब महिला ने उसको पहचान लिया, तो उसने हत्या कर दी, इस वारदात के लिए उसे सिटी मजिस्ट्रेट के घर पर काम करने वाले दो नौकरों ने उकसाया था।

**चोरी की नीयत से घर में घुसा था पुजारीः** एडीसीपी उत्तरी गोपीनाथ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान जतिन्द्र मिश्रा के रूप में हुई है। उसने पूछताछ में बताया कि वह मकान संख्या 218 में पूजा-पाठ करता था, जो बुलंदशहर के सिटी मजिस्ट्रेट संजय सिंह का है। इसी मकान में काम करने वाले नौकर दीपक उर्फ दीपू और सुशील कुमार ने जतिन्द्र को बताया था कि सामने रहने वाली बुजुर्ग महिला नीलिमा अकेले रहती हैं।

**250 ग्राम सोना और गहने होने की सूचना थीः** आरोपी को पता लगा था कि उनके पास करीब 250 ग्राम सोना और गहने है। दोनों नौकरों के उकसाने पर, जतिन्द्र मिश्रा 2 दिसंबर को मौका पाकर बुजुर्ग महिला के घर में घुस गया और तख्त के नीचे छिपा रहा। देर रात जब महिला सो गईं, तो जतिन्द्र ने अलमारी और बक्से खंगालने शुरू किए। इसी दौरान बुजुर्ग महिला जाग गई और उन्होंने जतिन्द्र को पहचान लिया। तब जतिन्द्र ने बुजुर्ग महिला की गला दबाकर हत्या कर दी।

**घर में सोना और गहने नहीं मिलेः** आरोपी को घर में सोना और गहने नहीं मिले. उसे सिर्फ आर्टिफिशल ज्वैलरी, कुछ सिक्के और एक पर्स मिला। वह इन सामानों को जूट की बोरी में भरकर आधी रात को फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी सिटी मजिस्ट्रेट के घर काम करते थे, इसलिए बुजुर्ग महिला उन पर भरोसा करती थी। पुलिस जल्द ही हत्या की साजिश में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करने की बात कह रही है।

# घर जा रहे दुकानदार की अज्ञात लोगों ने किया जमकर पिटाई, हालत गम्भीर

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। खेतासराय बाजार में स्थित दुकान बन्द करके घर जाते समय 3 बाइक सवार नौ अज्ञात हमलावरो ने रास्ते में दुकानदार को पीटकर घायल कर दिया। इतना ही नहीं, जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये।

जानकारी के अनुसार खेतासराय थाने के गेट के बगल शिवम टाइल्स एवं पलम्बर के प्रोपाइटर शिवम चौरसिया (27 वर्ष) पुत्र तहसीलदार चौरसिया निवासी शेखपुर असरफपुर थाना खुटहन प्रतिदिन की भांति दुकान बन्द करके घर जा रहे थे। जैसे ही नौली बाजार से कलापुर मोड़ से थोड़ी ही दूर पहुँचे थे कि तभी मुँह पर गमच्छा बांधकर पीछा कर रहे 3 बाइक पर सवार 9 लोगों ने गाड़ी को ओवरटेक कर हॉकी डण्डे से पिटाई शुरू कर दिया।

पिता तहसीलदार हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाने लगे लेकिन हमलावरों ने एक न सुनी। शिवम को मारपीट कर-के बुरी तरह घायल कर दिये और जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से फरार हो गये।

पिता ने इसकी सूचना डायल 112 पर दिया। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल किया। घायल शिवम को प्राथमिक स्वास्थ केंद्र सोंधी लाया गया जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

# सरकार का उद्देश्य अधिकतम लोगों को राहत देना: ए के शर्मा

## ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा ने दिखाई संवेदन शीलता विद्युत बिल राहत योजना में बढ़ाया बड़ा लाभ

## 31 मार्च 2025 के बाद भुगतान करने वाले बकायेदार भी होंगे लाभान्वित

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर विकास एवं ऊर्जामंत्री ए.के. शर्मा ने विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एक और बड़ी राहत प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पहले 31 मार्च 2025 के बाद आंशिक भुगतान कर चुके उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया था, जिससे अनेक उपभोक्ता योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। विभिन्न जनपदों के दौरे और विद्युत बिल राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ताओं ने मंत्री शर्मा से आग्रह किया कि अप्रैल, मई, जून आदि महीनों में उन्होंने कुछ न कुछ भुगतान अवश्य किया है, किंतु फिर भी उनका काफी बकाया शेष है, इसलिए उन्हें भी योजना का लाभ दिया जाए।



उपभोक्ताओं की इस पीड़ा और वास्तविक स्थिति को समझते हुए ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अत्यंत संवेदनशीलता के साथ अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए कि ऐसे सभी उपभोक्ताओं को योजना के लाभ से वंचित न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार का उद्देश्य अधिकतम लोगों को राहत देना है, इसलिए भुगतान कर चुके किन्तु अब भी बकायेदार उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिलना चाहिए। ऊर्जा मंत्री के निर्देशों के क्रम में अब 30 नवंबर 2025 तक भुगतान करने वाले ऐसे सभी उपभोक्ताओं को भी विद्युत बिल राहत योजना में शामिल कर लिया गया है। इस निर्णय से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक बोझ में बड़ी कमी आएगी। जनहित में लिए गए इस महत्वपूर्ण फैसले से प्रदेशभर के उपभोक्ताओं ने ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने वास्तव में जनता की परेशानी को समझा और राहत प्रदान करने का सार्थक प्रयास किया है। सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम उपभोक्ता हित और संवेदनशील प्रशासन की स्पष्ट मिसाल है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग, मौत

## परिजनों का कहना है कि दफ़्ती का कार्टून जलाने में झुलस गया था विशाल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत कोतवाली क्षेत्र के बगथरी गांव में खुद को आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की ट्रामा सेंटर वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। मालूम हो कि बगथरी गांव निवासी युवक विशाल यादव पुत्र श्री राम मूरत यादव शनिवार सुबह करीब 8 बजे अपनी दुकान के अंदर स्वयंम को पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया गया था,जिसक चलते वह



गंभीर रूप से झुलस गया।इसी दौरान परिजनों ने उसे आग की लपटो से बचाने के बाद उसे आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती करवाया।यहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। वाराणसी में इलाज के दौरान शनिवार करीब 7 बजे मौत हो गई। हालांकि युवक के आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। युवक ने दुकान के अंदर आत्महत्या का प्रयास किया जिस पर किसी प्रकार के तनाव की आशंका जताई जा रही है। आंखिर युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया ये जांच के बाद ही पता चलेगा। हालांकि क्षेत्रीय लोगों में विभिन्न प्रकार की चर्चा हो रही है। जबकि इस मामले को लेकर परिजन का कथन है कि पिता के किलनिक दुकान के पीछे दफ्ती का कार्टून जलाने में यह हादसा हुआ है।

# घर से नाराज होकर आयी 2 लडकियों को जफराबाद पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर उनके परिजनों को किया सुपुर्द

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना जफराबाद पुलिस टीम द्वारा घर से नाराज होकर आयी 02 लडकियों को जफराबाद स्टेशन के पास से बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।' थानाध्यक्ष



जफराबाद के नेतृत्व में थाना जफराबाद एण्टी रोमियो पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान सूचना प्राप्त होने पर घर से नाराज होकर आयी 02 लडकियों को बरामद कर थाना हाजा लाकर पूछताछ किया गया तो दोनों ने अपना नाम क्रमशः बन्ना खातुन पुत्री अब्दुल मजीद नि0 जामगाछी थाना चंचल जिला मालदा पश्चिम बंगाल व हेना परवीन पुत्री मीनार अली नि0 मालचा पो0गालिमपुर थाना चंचल जिला मालदा पश्चिम बंगाल बताया तथा यह भी बताया कि अपने पारिवारिजनों के डाटने से क्षुब्ध होकर गुस्से में वे दोनों ट्रेन पकड़कर यहां आ गयी है। उक्त दोनों लड़कियों की एण्टी रोमियो टीम द्वारा काउंसिलिंग कर समझाया बुझाया। जिससे दोनों घर जाने को तैयार हो गयी । थाना चंचल जिला मालदा पश्चिम बंगाल से जरिये उचित माध्यम सम्पर्क किया गया तो ज्ञात हुआ कि उक्त दोनों लड़कियों के सम्बन्ध में उक्त थाने पर गुमशुदगी दिनांक-05.12.2025 को जीडी नं0-152 पर अंकित है। पुनः उनके परिजनों से सम्पर्क कर सारी जानकारी दिया गया। परिजनों में अब्दुल मजीद पुत्र यासीन अली नि0 जामगाछी थाना चंचल जिला मालदा पश्चिम बंगाल जो कि बन्ना खातुन के पिता है व अजहरूल इस्लाम पुत्र तफज्जल हुसेन नि0 दरियारपुर थाना चंचल जिला मालदा पश्चिम बंगाल जो कि हेना परवीन के रिश्ते में चाचा है, उपस्थित थाना आये है। जो उक्त लडकियों की पहचान किये तथा बताये कि सर ये दोनों लड़कियां आपस में सहेली है और पारिवारिक डांट से नाराज होकर यहां आ गयी है। लड़कियों के द्वारा भी अपने पारिवारिजनों को पहचान कर अपनी सहमति दी गयी आवश्यक कागजात आधार कार्ड आदि देखने के पश्चात आवश्यक कार्यवाही कर दोनों लड़कियों को उनके परिजनों को सुपुर्द कर थाना हाजा से रूकसत किया गया। परिजनों द्वारा थाना जफराबाद पुलिस के इस सराहनीय कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी।

# जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से नौवां सर्वधर्म सामूहिक विवाह

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सामाजिक संस्था जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से नौवां सर्वधर्म सामूहिक विवाह शहर के मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के मैदान में आयोजित किया गया। जिसमें 75 जोड़ो ने हिन्दू रीति रिवाज से हुआ। इसके पूर्व दूल्हों की बारात कार में सवार होकर सद्भावना पुल से होते हुए हाथी घोड़ों और बैंडबाजे के साथ ओलन्दगंज शाही पुल होते हुए विवाह स्थल पहुंची जहां पूरे रीति रिवाज के साथ सभी जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। संस्थान के अध्यक्ष संजय कुमार सेठ ने बताया कि दहेज प्रथा की इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए सामूहिक शक्ति से प्रयास करने की आवश्यकता है। इसमें सभी धर्म-जातियों के विवाह योग्य जोड़े सम्मिलित हो सकते हैं। वैदिक विधि-विधान और रीति-रिवाज के साथ बिना किसी भेद-भाव के दाम्पत्य सूत्र बंधन में बंधे। विवाहित जोड़ों को विदायी के दौरान उपहार भी दिया गया। ज्ञात हो कि उक्त संस्था विगत 31 वर्षों से जनसरोकार की चेतना संग निरंतर कार्य कर रही है। इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, राकेश श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह, श्याममोहन अग्रवाल, शशिमोहन सिंह क्षेम, रत्नाकर सिंह, राजेश श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।




# एफपीओ और व्यापारियों का राष्ट्रीय समागम: तेजस्वी किसान मार्ट द्वारा वर्चुअल कार्यशाला संपन्न

## किसानों के मार्केट लिंकज, कार्बन क्रेडिट व्यापार और राष्ट्रीय विस्तार पर गहन चर्चा

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। तेजस्वी संगठन न्यास द्वारा संचालित तेजस्वी किसान मार्ट ने देशभर के एफपीओ, किसान प्रतिनिधि और व्यापारियों को जोड़ने हेतु एक राष्ट्रीय वर्चुअल कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को स्थायी बाजार उपलब्ध कराना, एफपीओ को सशक्त बनाना और व्यापारियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मार्केट चैनल स्थापित करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ई. प्रकाश पाण्डेय, संस्थापक एवं अध्यक्ष, तेजस्वी किसान मार्ट ने की, जबकि संचालन हिमांशु चतुर्वेदी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, तेजस्वी किसान मार्ट ने किया। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, असम, उड़ीसा सहित देश के 14+ राज्यों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**मुख्य वक्ताओं के विचारः** ई.प्रकाश पाण्डेय, संस्थापक एवं अध्यक्ष, तेजस्वी किसान मार्ट ने कहा कि हमारा उद्देश्य किसानों को सीधे उपभोक्ता से जोड़ना है। वर्तमान में 8 स्टोर (उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात आदि) सक्रिय हैं। इन स्टोर्स के माध्यम से किसानों को उचित मूल्य, पैकेजिंग, मार्केटिंग और लॉजिस्टिक सपोर्ट उपलब्ध कराया जा रहा है। आने वाले समय में देश के प्रत्येक क्षेत्र में ह्यकिसानझ्रसेझ्रग्राहकह्व मॉडल स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है।

हिमांशु चतुर्वेदी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, तेजस्वी किसान मार्ट ने बताया कि 5000+ एफपीओ नेटवर्क के माध्यम से हम व्यापारी और किसान के बीच पारदर्शी और स्थाई संबंध स्थापित कर रहे हैं। इससे किसानों की आमदनी में वास्तविक वृद्धि होगी।

शैलेश कुमार सिंह, पूर्व उप-महाप्रबंधक, कृभको (कृषि सहकारी कंपनी), उत्तर प्रदेश बिजनेस हेड, एड्रे एग्रो प्राइवेट इको-सिस्टम लिमिटेड कहा कि कार्बन क्रेडिट व्यापार किसानों के लिए आय का नया स्त्रोत है। एफपीओ यदि मृदा संरक्षण, जैविक खेती और प्राकृतिक पद्धतियों को अपनाएँ तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते हैं।

संतोष कुमार गुप्ता, संस्थापक, जूम एग्रो स्टार्टअप कहा कि एफपीओ और स्टार्टअप्स के सहयोग से खेती व्यवसायिक मॉडल बन रही है। तकनीकी संसाधन, गुणवत्ता नियंत्रण और पैकेजिंग अपनाकर किसान अपनी उपज की कीमत 30झ्र40% तक बढ़ा सकते हैं।

चंद्रसेन सिंह, निदेशक, यंदग्नीपुरम एफपीसी ने बताया कि एफपीओ किसानों को स्थायी बाजार और व्यावसायिक सुरक्षा प्रदान करती हैं। व्यापारीझ्रएफपीओ समन्वय से किसानों को स्थायी लाभ मिलता है।

सतीश हथुरे, किसान प्रतिनिधि, शोलापुर




(महाराष्ट्र) कहा कि एफपीओ और तेजस्वी किसान मार्ट जैसे प्लेटफॉर्म से ही किसानों को स्थाई मूल्य और नियमित खरीदार मिल सकते हैं।

ई.प्रकाश पाण्डेय, संस्थापक, तेजस्वी किसान मार्ट, हिमांशु चतुर्वेदी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, तेजस्वी किसान मार्ट, शैलेश कुमार सिंह, पूर्व उप महाप्रबंधक, कृभको, उत्तर प्रदेश बिजनेस हेड, एर्ड एग्रो प्राइवेट इको-सिस्टम, संतोष कुमार गुप्ता, संस्थापक, जूम एग्रो स्टार्टअप, चंद्रसेन सिंह, निदेशक, यंदग्नीपुरम एफपीसी, सतीश हथुरे, किसान प्रतिनिधि, शोलापुर, महाराष्ट्र, मधुवास प्रा०, एफपीओ प्रतिनिधि, सोनू, एफपीओ सदस्य, गोराचंद, पश्चिम बंगाल, प्रशांत, कृषि उद्यमी, अक्षय चौरसिया, कृषि विस्तार, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, मानभूम फार्मर समूह, पश्चिम बंगाल, राजू, किसान/व्यापारी, कोपा कृषि उत्पादक समूह, विनय, कृषि व्यापारी, रसिकबिल, एफपीओ प्रतिनिधि, विकास यादव,Shitladham FPO, प्रतापपुर, प्रयागराज, भोला नाथ महतो, पश्चिम बंगाल, रमेश, किसान प्रतिनिधि, श्री संतोष कुमार, व्यापारी प्रतिनिधि

**तेजस्वी किसान मार्ट के 8 स्टोरः** कार्यशाला में चर्चा हुई कि तेजस्वी किसान मार्ट के 8 स्टोर निम्न राज्यों में संचालित हैंः उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड, छत्तीसगढ़। इन स्टोर्स के माध्यम से किसानों को सीधा बाजार, पैकेजिंग सहायता, लॉजिस्टिक सपोर्ट और मार्केटिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

**कार्यक्रम के प्रमुख फोकस और उपलब्धियाँः** एफपीओ की व्यापारिक क्षमता बढ़ाना, किसानों के लिए स्थायी बाजार उपलब्ध कराना, कार्बन क्रेडिट से अतिरिक्त आय का अवसर, राष्ट्रीय स्तर पर एफपीओझ्रव्यापारी नेटवर्क को सशक्त बनाना, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सप्लाई चेन के माध्यम से उत्पादक से उपभोक्ता तक पहुंच। यह राष्ट्रीय वर्चुअल कार्यशाला एफपीओ, किसानों, व्यापारियों और स्टार्टअप्स के बीच सशक्त संवाद का उदाहरण रही। कार्यशाला में उठाए गए कदम और सुझाए गए उपाय आने वाले समय में कृषि क्षेत्र में स्थाई विकास, किसानों की आमदनी और एफपीओ की क्षमता वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## श्री कमलम कार्यालय पहुंचे जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति का भव्य सम्मान



जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी, जौनपुर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति का बदलापुर श्री कमलम कार्यालय अहिरौली, मरगूपुर में प्रथम आगमन पर विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने अपने कार्यकर्ता साथियों के साथ हार्दिक स्वागत किया और संगठनात्मक बैठक करके विधानसभा बदलापुर में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एस.आई.आर.) की प्रगति से अवगत हुआ। इस मौके पर जिला महामंत्री सुनील तिवारी, जिला मंत्री अवधेश यादव, मंडल अध्यक्ष शनि शुक्ला, सिद्धार्थ सिंह, सिकंदर मौर्य, अमित चौहान, गंगा प्रसाद सिंह, लवकुश सिंह, वैभव सिंह समेत कार्यकर्ता साथी मौजूद रहे।

## गांधीनगर में आयोजित अर्थ समिट का समापन

### ग्रामीण विकास को तकनीक से गति देने के सशक्त संदेश के साथ संपन्न

**मुंबई।** कृषि और ग्रामीण विकास के लिए राष्ट्रीय बैंक (नाबार्ड) तथा इंटरनेट एवं मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय अर्थ समिट 2025-26 का गांधीनगर संस्करण आज महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं प्रदर्शनी केंद्र में संपन्न हुआ। समिट का विषय वैश्विक परिवर्तन के लिए ग्रामीण नवाचार को सशक्त बनाना था, जिसने नवाचारकताओं, एफपीओ, एग्री-स्टार्टअप्स, महिला उद्यमियों, ग्रामीण सहकारी बैंकों, सामुदायिक संस्थानों, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के नेताओं को एक साथ लाया। गांधीनगर संस्करण में ग्रामीण विकास को गति देने और सामुदायिक नेतृत्व वाले विकास को समर्थन देने में सहकारिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। सतत ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण पर आयोजित फायरसाइड चैट में नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी के.वी. ने भारत के सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, सहकारिताएँ भारत जैसे देश में सतत और समान विकास हासिल करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, जहाँ हर क्षेत्र विकास के अलग-अलग चरण में है। भारत में अब 8.5 लाख से अधिक सहकारी समितियाँ हैं, जिनके लगभग 30 करोड़ सदस्य हैं अर्थात प्रत्येक चार में से एक भारतीय। फिर भी, इसकी उपयोगिता को कम आंका गया है और इसकी क्षमता का अभी भी पूरा उपयोग नहीं हुआ है। आगे की दिशा पर बात करते हुए उन्होंने शासन को आधुनिक बनाने और समावेशन को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया।

## तालाब में डूबकर बालक की हुई मौत

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जंगीपुर खुर्द गांव में रविवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के मनोज कुमार कनौजिया का 15 वर्षीय पुत्र अनीकेत की तालाब में डूबने से मौत हो गई। जबकि उसके गायब होने की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ था। परिजनों के अनुसार अनीकेत शाम करीब पाँच बजे घर से अचानक गायब हो गया था। काफी देर तक खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजन और ग्रामीण अलग-अलग स्थानों पर तलाश करते रहे। इसी दौरान बिघईया पोखरा के पास कपड़ा पड़ा मिलने पर परिवार को आशंका हुई कि अनीकेत तालाब में गिर गया होगा। परिजन और ग्रामीण तुरंत पोखरे के पास जुट गए और लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे का शव तालाब से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## खेल मंत्री के पिता के निधन पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने दी श्रद्धांजलि



**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद आगमन पर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चंद्र यादव के पिता के निधन पर शनिवार को उनके पैतृक निवास पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री ने उनके दिवंगत पिता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से मिलकर गहरा शोक जताया। उन्होंने उनकी माता से मिलकर बंधाया। डिप्टी सीएम ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अनिल राजभर, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी एवं संगीता यादव, शाहगंज विधायक रमेश सिंह, बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र, मड़ियाहूं विधायक डॉ आर पटेल, जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय, कादीपुर विधायक राजेश गौतम, जफराबाद के पूर्व विधायक हरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र एवं पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह , रजनीकांत मिश्रा, रवि पांडेय , वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश राजपूत सहित अन्य लोगों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## इस्लाम सलामती, इंसाफ व दयानतदारी का है मजहब : मौलाना मुज्जफर हसनैन



**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** कर्बला में जो कुबार्नी इमाम हुसैन ने दी आज उसी की वजह से इस्लाम दुनिया में बाकी है, क्योंकि इस जंग में एक तरफ दुश्मने मोहम्मद थे और दूसरी तरफ उनका नवासा। दुश्मन सब खत्म हो गये आज उनका कोई नाम लेने वाला नहीं है जबकि मोहम्मद और उनकी आल का नाम आज भी बाकी है, जिसका वादा अल्लाह ने कुरआन में किया है। यह बातें मुजफ्फरनगर से आये मौलाना सैयद मुज्जफर हसनैन ने नगर के बलुआघाट स्थित मेंहदी वाली जमीन पर आयोजित मरहूमा हसन बांदी व मरहूम सैयद इकबाल कमर शहजादे की मजलिसे तरहीम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने मोहम्मद से वादा किया था कि तुम्हारे सभी दुश्मन खत्म कर दिये जाएंगे उनका नाम लेने वाला कोई नहीं रहेगा और इमाम हुसैन अ.स. की कुबार्नी के बाद ऐसा ही हुआ और यह कुबार्नी सिर्फ फातमा के घर वालों ने दी है। उन्होंने कहा कि यह घर अल्लाह के कितना करीब है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अल्लाह ने अपने सभी सिफात को इसी घर से मंसूब किया और महमूदियत की पहचान मोहम्मद, आला की पहचान अली, फातिर होने की पहचान फातमा, मोहसिन होने की पहचान हसन और एहसान करने का सिफात हुसैन को अता किया।

उन्होंने कहा कि हदीसे रसूल है कि जिसने फातमा को राजी किया उसने मोहम्मद को राजी किया और जिसने मोहम्मद को राजी किया उससे अल्लाह राजी हुआ। यही वजह है कि अल्लहा ने इस घराने के हाथ में इतनी ताकत दे रखी है कि ये जो भी कह दें वोह फौरन हो जाता है। लेकिन जमाने के लोगों ने इस घराने की अजमत को नहीं समझा और निरंतर इस घराने पर जुल्म भी किया गया। कर्बला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मेंहदी जैदी व उनके हमनवां की सोजख्वानी से हुई। जिसके बाद शोहरत जौनपुरी, शाहिद हुसैन तल्ख जौनपुरी, शहंशाह जौनपुरी आर हुसैन ने बारगाहे अहलेबैत में अपने कलाम पेश किये। अंजुमन शमशीरे हैदरी के नौहेखा शहजादे सदर इमामबाड़ा ने दर्द भरे नौहा पेश किया। इस मौके पर मौलाना अली अब्बास, मौलाना शेख हसन जाफर, मौलाना मुबाशिर, वकार हुसैन, ज्ञान कुमार, राजेश श्रीवास्तव, शाहिद मेहदी, मेराज हैदर, अजादार हुसैन कंम्पू, शावेज, आरिफ अनस, अब्दुल हक अंसारी, मोहम्मद रशीद सहित अन्य लोग मौजूद थे। संचालन डॉ. इंतजार मेहंदी शोहरत ने किया। आयोजक सैय्यद अंजार कमर पप्पू, सै. हसनैन कमर 'दीपू', सै.अफरोज कमर ने आये हुए लोगों का आभार व्यक्त किया।

# संस्कृति कला महोत्सव 2025 कला, परंपरा और प्रगति का एक भव्य उत्सव

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा-भायंदर की विकास गाथा को दिया गया है नया जोश, कला शहर के हर दिल को संरक्षण के लिए नई ऊर्जा और एक नई धड़कन देने के लिए प्रताप सरनाईक फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'संस्कृति कला महोत्सव 2025' 12, 13, 14 और 15 दिसंबर 2025 को भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। जैसे ही महाराष्ट्र राज्य के परिवहन मंत्री और धाराशिव जिले के पालक मंत्री, प्रताप इंदिराबाई बाबूराव सरनाईक द्वारा इस महोत्सव की आधिकारिक घोषणा की गई, पूरे शहर में उत्साह की एक नई लहर दौड़ गई है। इस वर्ष का कला महोत्सव मीरा-भायंदर की प्रगति यात्रा का प्रतीक है।




इस महोत्सव को अनूठी थीमों से सजाया जाएगा जो इसे एक कलात्मक रूप प्रदान करेंगी, और शहर के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक, राम मंदिर ध्वज की पवित्र प्रतिकृति, महोत्सव का केंद्रबिंदु होगी। यह क्षेत्र आनंद, आस्था और परंपरा से भी जगमगाएगा। प्रताप सरनाईक फाउंडेशन का यह पूरा कार्यक्रम सभी नागरिकों के लिए निःशुल्क और खुला है, जो इस बात पर प्रकाश डालता है कि कला सभी का अधिकार है। 12 दिसंबर को एक भव्य सांस्कृतिक रैली के साथ इस महोत्सव का शुभारंभ होगा, जिसमें विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग एकता का संदेश साझा करेंगे। 12 से 14 दिसंबर तक, तीन दिनों तक मीरा-भायंदर की गलियां, चौराहे और वातावरण कला, संस्कृति, लय, रंग और उल्लास से सराबोर रहेगा।

कला महोत्सव में प्रसिद्ध गायक और कलाकार शामिल होंगे हर साल की तरह इस साल भी कला महोत्सव की शाम को सुरीला और मनोरंजक बनाने तथा कार्यक्रम को और भी सहज बनाने के लिए कई नामचीन गायक और कलाकार मौजूद रहेंगे। कला महोत्सव के पहले दिन यानी 12 दिसंबर को मशहूर गायक 'शान' की मधुर आवाज की सुरमयी महफिल शहर में गूंजेगी। वहीं दूसरे दिन यानी 13 दिसंबर को मशहूर हास्य कलाकार और मशहूर हिंदी धारावाहिक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के अभिनेता तारक मेहता उर्फ 'शैलेंद्र लोढ़ा' अपने शब्दों के जादू से दर्शकों को हंसाएंगे। महोत्सव के तीसरे दिन, यानी 14 दिसंबर को, महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध और मराठी संस्कृति को जीवंत करने वाला लोक कला बैंड द फोक आख्यान अपनी साहित्यिक लोक कला कृतियों की अनूठी प्रस्तुति से मन को मोह लेगा। चौथे दिन, यानी 15 दिसंबर को युवाओं के दिलों में बस चुके सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक 'स्टेबिन बेन' अपने प्रेमगीत से महोत्सव के रंग को और निखारेंगे। 'संस्कृति कला महोत्सव 2025' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारे शहर के सपनों, प्रगति और रचनात्मकता का एक भव्य प्रतिरूप है। इस शहर के विकास के साथ-साथ, शहरवासियों के मन को समृद्ध करना, कलाओं को एक मंच प्रदान करना और नागरिकों को आनंद के क्षण प्रदान करना भी मेरी जिम्मेदारी है। शहर के प्रत्येक कलाकार, प्रत्येक युवा, प्रत्येक परिवार को गले लगाने के हमारे प्रयास अटूट हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि 12 से 14 दिसंबर तक मीरा-भायंदर का हर कोना उत्सव, ऊर्जा और समृद्धि के प्रकाश से जगमगा उठेगा।

## महाराजगंज में 32 हजार 682 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियोरोधी दवा



-वकील प्रसाद

सिवान (उत्तरशक्ति)। महाराजगंज बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर से अनुराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान - चलाया जाएगा। यह अभियान 14 दिसंबर से 18 दिसंबर तक चलाया जाएगा। इस अवधि में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाकर उन्हें पूर्ण रूप से सुरक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। महाराजगंज एचसी के हेल्थ मैनेजर एम आलम ने बताया कि कई बच्चे जो स्वास्थ्य संस्थानों से बाहर जन्म लेते हैं, वे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत दी जाने वाली पोलियो की बर्थ डोज से वंचित रह जाते हैं।

ऐसे बच्चों के लिए पल्स पोलियो अभियान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। पीएचसी के स्वास्थ्य प्रबंधक एवं आलम ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए सभी स्तर पर - संपूर्ण सतर्कता और सजगता बरती - जा रही है। उन्होंने प्रखंड के सभी 16 पंचायत व नगर पंचायत के सभी 14 वार्डों के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने नवजात शिशुओं के - साथ-साथ 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक अवश्य पिलाय जाएगा पन्स पोलियो अभियान में14 से 18 दिसम्बर 2025 तक निगरानी के लिए 28 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। जिले में इस अभियान के तहत लगभग 76 घरों में जाकर ,32 हजार 683 बच्चों को पोलियो खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसके लिए कुल 75 घर-घर टीमें गठित की गई हैं, जो पूरे प्रखंड में निर्धारित क्षेत्रों की जिम्मेदारी संभालेंगी। इसके अलावा रेलवे महाराजगंज रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, ईंट-भट्टा, चिमनी क्षेत्रों और घुमंतू आबादी तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 02 ट्रांजिट एवं 76 मोबाइल टीमों की तैनाती की गई है। इन सभी टीमों की निगरानी के लिए 78 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो अभियान के दौरान प्रतिदिन फील्ड की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

## केबल संचालक पुष्कर शुक्ला हत्याकांड में 5 अभियुक्तों को उम्रकैद, दो आरोपी दोषमुक्त

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** शिवपुर थाना क्षेत्र में 13 साल पहले हुई केबल संचालक पुष्कर शुक्ला की हत्या मामले में विशेष न्यायाधीश द्वितीय (पॉक्सो एक्ट) नितिन पांडेय की अदालत ने शनिवार को पांच अभियुक्तों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है. इसी मामले में पर्याप्त साक्ष्य न होने के कारण दो आरोपियों को बरी कर दिया है. अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभारी डीजीसी मुनीब सिंह चौहान, विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह व वादी के वकील विवेक शंकर तिवारी ने पैरवी की. वहीं आईआईटी बीएचयू की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में अगली सुनवाई नौ दिसंबर को नियत की गई है। अभियोजन के अनुसार पुष्कर शुक्ला शिवपुर क्षेत्र में सांई राम विजन के नाम से सिटी केबल का संचालन करते थे. डेन काशी केबल के संचालक व उसके सहयोगी पुष्कर शुक्ला के क्षेत्र में अपने केबल नेटवर्क का विस्तार करना चाहते थे. इसको लेकर पुष्कर शुक्ला से विवाद हुआ था. 16 दिसंबर 2012 को राजकीय चिकित्सालय के बगल में आवास विकास कॉलोनी निवासी बंटी सिंह उर्फ राज उर्फ संजय, पिंटू उर्फ दिलीप सिंह, विक्रम प्रताप सिंह उर्फ गोलू,फरीदपुर (चोलापुर) निवासी भानू केसरी उर्फ गोलू व सुदीपुर (शिवपुर) तेज नारायण सिंह उर्फ सल्टू ने इंद्रपुर चौराहे पर सिटी केबल के लगे तारों के जंक्शन काट दिए। केबल काटने की जानकारी होने पर भाई अभिषेक शुक्ला के साथ पहुंचे पुष्कर शुक्ला ने विरोध किया तो अभियुक्तों ने लाठी-डंडों, बैट व क्रिकेट के स्टम्प से पुष्कर शुक्ला, अभिषेक शुक्ला व अन्य पर हमला कर दिया. गंभीर चोट लगने से पुष्कर शुक्ला की मौत हो गई थी। इसके बाद अभिषेक शुक्ला ने धर्मेंद्र कुमार सिंह, राहुल श्रीवास्तव समेत सात अभियुक्तों के खिलाफ शिवपुर थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मुकदमे की सुनवाई के बाद अदालत ने शास्त्री चौक, रामनगर निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ दीनू व सामने घाट, लंका निवासी राहुल श्रीवास्तव को दोषमुक्त कर दिया। जबकि आवास विकास कॉलोनी निवासी बंटी सिंह उर्फ राज उर्फ संजय, पिंटू उर्फ दिलीप सिंह, विक्रम प्रताप सिंह उर्फ गोलू, फरीदपुर (चोलापुर) निवासी भानू केसरी उर्फ गोलू व सुदीपुर (शिवपुर) तेज नारायण सिंह उर्फ सल्टू को दोषी करार देते हुए उम्रकैद और 15-15 हजार रुपया जुमार्ने की सजा सुनाई है।

## आईआईटी कानपुर के एंटरप्रेन्योरशिप सेल ने अपस्टार्ट नेशनल्स 2025 का मुंबई एडिशन होस्ट किया

**मुंबई।** आईआईटी कानपुर के एंटरप्रेन्योरशिप सेल का फ्लैगशिप स्टार्टअप पिचिंग कॉम्पिटिशन, अपस्टार्ट 2025, का मुंबई एडिशन इन्वेस्टर्स, फाउंडर्स और इंडस्ट्री लीडर्स की जबरदस्त मौजूदगी के साथ हुआ। यह इवेंट मुंबई के बांद्रा (ईस्ट) में मेकर मैक्सिटी में हुआ, जिसमें पूरे भारत से वेंचर कैपिटल फर्म्स, एंजेल इन्वेस्टर्स और मेंटर्स के अलग-अलग ग्रुप ने हिस्सा लिया। मुंबई एडिशन में हेल्थ और फिटनेस, ई-कॉमर्स, क्लीनटेक, एनर्जी, अक-ड्रिवन रंर और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर्स के 11 अच्छे स्टार्टअप्स ने हिस्सा लिया। फाउंडर्स ने शार्क टैंक-स्टाइल एरिना जैसे लाइव फॉर्मेट में पिच किया, जहाँ हर स्टार्टअप टीम को प्रेजेंटेशन के लिए समय दिया गया और उसके बाद इन्वेस्टर पैनल के साथ मौके पर ही



चर्चा हुई। इस सेशन का मकसद फाउंडर्स को अपने आइडियाज को बेहतर बनाने और आने वाले स्क्रीनिंग राउंड्स के लिए बेहतर तैयारी करने में मदद करना था। इस इवेंट में कई जाने-माने इन्वेस्टर्स ने भी हिस्सा लिया, जैसे गौरव राणा (ओमान इंडिया जॉइंट इन्वेस्टमेंट फंड), पल्लवी मिश्रा (लाइटबॉक्स), अंकित जैन और त्रिशिता घोष (स्पॉटलाइट स्ट्रेटेजिक पार्टनर्स), खुशी अग्रवाल (247 वेंचर्स), और एंजेल इन्वेस्टर्स। आईआईटी कानपुर की एंटरप्रेन्योरशिप सेल टीम ने इवेंट के बारे में अपनी राय शेयर करते हुए कहा, मुंबई भारत में एंटरप्रेन्योरशिप एक्टिविटी के लिए सबसे मजबूत हब में से एक बना हुआ है, जहाँ एक तेजी से बढ़ती कम्युनिटी है जो लगातार शुरूआती फाउंडर्स को सपोर्ट करती है। हम इवेंट में दिखाए गए इनोवेशन और आइडियाज से बहुत खुश हैं जो असल दुनिया की चुनौतियों को बदल देंगे, और हमें यकीन है कि इन्वेस्टर्स द्वारा शेयर किया गया जरूरी फीडबैक उन्हें क्लैरिटी के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। एंटरप्रेन्योरशिप सेल, आईआईटी कानपुर में, हम देश के एंटरप्रेन्योर्स को सफलता के शिखर तक पहुँचने में मदद करने के लिए पक्का इरादा रखते हैं, और भविष्य में एक बढ़ता हुआ इकोसिस्टम देखने की उम्मीद करते हैं।

## आरसीएम की रूपांतरण यात्रा 9 दिसंबर को पटना पहुँचेगी

**पटना(उत्तरशक्ति)।** आरसीएम की रूपांतरण यात्रा, जिसमें अब तक देश के कई शहरों में एक लाख से अधिक नागरिक जुड़ चुके हैं, 9 दिसंबर,2025 को पटना पहुँचेगी। 16 सितंबर 2025 को राजस्थान के भीलवाड़ा से आरसीएम के 25वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू हुई यह यात्रा सभी अपेक्षाओं से आगे निकल चुकी है और अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुकी है। अब तक की यात्रा के उत्साह को देखते हुए उम्मीद है कि पटना में इस यात्रा को और भी ज्यादा जनसमर्थन मिलेगा, जहाँ हर उम्र और वर्ग के नागरिक सक्रिय भागीदारी करेंगे। पटना में यह भव्य आयोजन बापू सभागार, अशोक राजपथ रोड, गांधी संग्रहालय के पास, गांधी मैदान क्षेत्र, पटना पर आयोजित किया जाएगा, जहाँ बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है। रूपांतरण यात्रा आरसीएम के 25 वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव है और उन असंख्य सह-खरीदारों के आत्मनिर्भरता और आर्थिक स्वतंत्रता की भावना को सलाम है, आरसीएम के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ छाबड़ा ने कहा।

## धूमधाम से मना ब्लू बेल्स अकेडमी का 35वां वार्षिकोत्सव



**पटना (उत्तरशक्ति)।** ब्लू बेल्स अकेडमी ने अपना 35वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आयोजन शगुना मोड़, खगौल रोड, दानापुर स्थित विद्यालय के परिसर में किया गया जिसमें स्कूल के सभी बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मुख्य अतिथि पटना हाई कोर्ट के माननीय न्यायमूर्ति पुर्णेन्दु सिंह, विशिष्ट अतिथि सीआईडी, बिहार के एडीजी पारस नाथ, मत्स्य पालन विभाग बिहार सरकार के निदेशक आईएएस अभिषेक रंजन, ओआईसीएल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक (सेवानिर्वित) संजय किशोर, स्कूल के निदेशक अमरेन्द्र कुमार, प्राचार्य राजेश कुमार जयसवाल, उप प्राचार्य अभिजित बोस एवं व्यवस्थापक राम निवास सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में उपस्थित आगत अतिथियों ने ब्लू बेल्स अकेडमी को सफलतापूर्वक 35 वर्ष पूरे करने पर अपनी ढेर सारी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के बच्चों द्वारा गणेश वंदना से की गई। इसके बाद नन्हें - मुन्हें बच्चों के स्वागत गीत और नृत्य की प्रस्तुति ने आगत अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल द्वारा आयोजित इस भव्य वार्षिकोत्सव समारोह में ब्लू बेल्स अकेडमी के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के निदेशक अमरेंद्र कुमार ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि हमारे विद्यालय ने सफलतापूर्वक 35 वर्ष पूरे कर लिए। इस वार्षिकोत्सव के अवसर पर मैं सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा करता हूँ कि वे ज्ञान, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलते हुए अपने जीवन को उज्ज्वल और सार्थक बनाएं। वहीं स्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार जयसवाल ने कहा कि हमारी संस्था ने 35 वर्षों की अपनी यात्रा में शिक्षा, अनुशासन और संस्कार के मूल्यों को सदैव प्राथमिकता दी है। हमें गर्व है कि आज हमारे विद्यार्थी केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि कला, संस्कृति, खेल और समाजसेवा के क्षेत्रों में भी नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में आगत अतिथियों द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाई।

## ट्रिनिटी एयर ट्रैवल एंड टूर्स प्राइवेट लिमिटेड का सादगी से बना साम्राज्य, भरोसे का सबसे बड़ा नाम



**मुंबई।** मुंबई के कालीनाझसांताक्रूज क्षेत्र में स्थित ट्रिनिटी एयर ट्रैवल एंड टूर्स प्राइवेट लिमिटेड आज टूर और ट्रैवल्स उद्योग का एक जानाझमाना और विश्वसनीय नाम बन चुका है। कंपनी के संस्थापक बेबी जॉन और उनके पुत्र एंटोनी जॉन अपनी मेहनत, सादगी और उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए विशेष पहचान रखते हैं। 2, गोल्डन एरो अपार्टमेंट्स, एसबीआई के पास, कलिना स्थित उनका विशाल कार्यालय एक पूरे फ़्लोर में फैला हुआ है, जहाँ अकेले कालीना शाखा में ही लगभग 150-200 कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अलावा कंपनी की कई अन्य शाखाएँ भी विभिन्न स्थानों पर सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं। नेचर में सादगी, काम में परफेक्शनः इतनी बड़ी कंपनी होने के बावजूद बेबी जॉन और एंटोनी जॉन दोनों हर छोटे-बड़े कार्य पर स्वयं नजर रखते हैं। कर्मचारियों की भलाई हो या क्लाइंट सर्विस दोनों हर स्तर पर अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज कराते हैं। यदि कभी स्टाफ व्यस्त हो और कोई क्लाइंट प्रतीक्षा कर रहा हो, तो दोनों में से कोई भी स्वयं आगे बढ़कर क्लाइंट को अटेंड करता है। उनका यही व्यवहार उन्हें बाकी कंपनियों से अलग और खास बनाता है।

दैनिक मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान ने की विशेष मुलाकातःहाल ही में दिलशाद एस. खान ने बेबी जॉन और एंटोनी जॉन से विशेष मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने कंपनी के संचालन, कर्मचारियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और ग्राहकों को दी जाने वाली उच्चस्तरीय सेवाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। संपादक दिलशाद एस. खान ने जॉन फैमिली के कार्यशैली, सादगी और सेवा-भाव की खुलकर सराहना की।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन, सैकड़ो रोगियों को मिला लाभ

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** जफराबाद क्षेत्र के अहमदपुर गांव में रविवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों को लाभ मिला। शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। उसके बाद आवश्यकता के अनुसार दवा भी दी गयी ।गांव के निवासी तथा क्षेत्र के अग्रणी समाजसेवी रिंकू पंडित द्वारा यह शिविर आयोजित लगवाया गया था ।स्वास्थ्य शिविर में ख्यातिलब्ध सर्जन डॉ अभिषेक रावत तथा फिजिशियन डॉ. विकास उपाध्याय, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार गौतम, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा वर्मा तथा फिजिशियन आलोक वर्मा मौजूद रहे ।इन लोगों ने ग्रामीण क्षेत्र से आए विभिन्न रोगों के मरीज का परीक्षण कर जहां दवा दिया वहीं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए जागरूक भी किया ।शिविर में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की खासी भीड़ रही। श्वास रोग, खांसी, बुखार, कमर दर्द गठिया का दर्द एवं उदर व्याधि से पीड़ित लोगों का जहां परीक्षण किया गया वहीं निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई ।कार्यक्रम के संयोजक रिंकू पंडित तथा उनके सहयोगियों राजेश सिंह, संस्कार सिंह, संतोष कुमार, प्रकाश चंद शुक्ला, ऋतिक पांडेय, अनीश यादव, राकेश यादव, महेंद्र चौधरी, पंकज शुक्ला आदि ने चिकित्सको को अंग वस्त्र भेंट कर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

## जिले के मतदाताओं से जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र की अपील

**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में मेगा डिजिटाइजेशन दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र के नेतृत्व में आज जनपद के अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले बूथों पर ईआरओ, एईआरओ एवं नोडल अधिकारियों द्वारा गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य का औचक निरीक्षण किया गया, जहां अधिकारियों द्वारा बूथों पर उपलब्ध संसाधनों, कार्मिकों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली तथा डिजिटाइजेशन की गति का विस्तृत अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया



कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बढ़ाई गई ईन्यूमरेशन अवधि के अंतर्गत 11 दिसम्बर 2025 तक गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जानी है। जनपद की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में ईएफ फॉर्म वितरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। वहीं डिजिटाइजेशन कार्य में भी उल्लेखनीय प्रगति करते हुए अब तक लगभग 80 प्रतिशत प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया गया है, जिसमें बदलापुर 83.27%, शाहगंज 82.28%, जौनपुर 72.06%, मल्हनी 80.67%, मुंगराबादशाहपुर 79.15%, मछलीशहर 80.37%, मड़ियाहूँ 80.50%, जफराबाद 76.95% तथा केराकत 82.72% शामिल है।

इस प्रकार से 06 विधानसभा क्षेत्र में प्रगति 80 प्रतिशत से अधिक है। अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले बूथों पर प्रगति बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है, जबकि पूरी प्रक्रिया की नियमित समीक्षा स्वयं जिलाधिकारी द्वारा की जा रही है। जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र ने कहा है कि सभी लोग गणना प्रपत्र भरकर अपने क्षेत्र के बीएलओ को अवश्य सौंपें, ताकि निर्वाचन नामावली के विशेष पुनरीक्षण कार्य को सटीकता एवं समयबद्धता के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

# लालती कुमुदेश्वर महिला महाविद्यालय ने पीजी कालेज गाजीपुर को पराजित कर बनी खो खो विजेता



जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। मुफ्तीगंज ब्लाक के लालती कुमुदेश्वर महाविद्यालय घुरहूपुर में रविवार को पूर्वांचल विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयी खो खो प्रतियोगिता में लालती कुमुदेश्वर महिला महाविद्यालय घुरहूपुर ने प्रथम स्थान पा कर विजेता रही वही पी जी कालेज गाजीपुर द्वितीय व सहकारी पी जी कालेज मेहरावा तृतीय स्थान पर रहा।प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्व विद्यालय द्वारा नामित पर्यवेक्षक रणजीत सिंह रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख मुफ्तीगंज विनय कुमार सिंह विजेता तथा उपविजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए अपने संबोधन में कहा की यह हम लोगों के लिए सौभाग्य की बात है कि इतने बड़े खेल के आयोजन के लिए हमारे ब्लाक के कालेज का चुनाव हुआ जिससे हमारा पुरा ब्लाक अपने को गौरांवित महसूस कर रहा है।इतने बड़े आयोजन के लिए मै महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ .दिनेश कुमार तिवारी को बधाई देता हूं।महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ दिनेश तिवारी ने बताया कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष रोवर्ष रेंजर क्रास कंट्री सहित खो खो आदि जिलास्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन का मौका देता है और विश्वविद्यालय द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को मेरा महाविद्यालय परिवार पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाता है।कालेज के प्रधानाचार्य सुषमा मैडम ने सभी अतिथियों को अपना कीमती समय देने के लिए आभार प्रकट किया। मैच रेफरी की भूमिका में अमरजीत यादव रहे। इस अवसर पर वीरेंद्र तिवारी विपिन तिवारी ऊषा यादव मीरा उपाध्याय संजय उपाध्याय गीता त्रिपाठी राम दुलार यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का कुशल संचालन पूर्व प्रधान एवं भाजपा नेता हरेंद्र यादव ने किया।

# टोयोटा हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल 2025 का शुभारंभ




मुंबई। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने प्रतिष्ठित हॉर्नबिल फेस्टिवल के दौरान टोयोटा हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल 2025 का औपचारिक शुभारंभ किया। लगातार चौथे वर्ष टाइटल स्पॉन्सर के रूप में जुड़े रहने के साथ ही, कंपनी ने इस लोकप्रिय सांस्कृतिक आयोजन में एक बार फिर नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस वर्ष के उद्घाटन समारोह की शुरूआत टोयोटा के ब्रांड एंबेसडर और विश्व-प्रसिद्ध जापानी ड्रम एंसेंबल ड्रम ताओ के विशेष प्रदर्शन से हुई, जिसने दर्शकों के बीच उत्साह, आनंद और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत माहौल बना दिया। हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल से टीकेएम की यह दीर्घकालीन साझेदारी न केवल नागालैंड बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के साथ उसके गहरे भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंधों को प्रतिबिंबित करती है। टोयोटा हार्नबिल म्यूजिक फेस्टिवल 2025 का उद्घाटन नागालैंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। इनमें शामिल थे–तेजेन इमना आलोन, माननीय उच्च शिक्षा एवं पर्यटन मंत्री, तथा थेजा मेरु, चेयरमैन, टीएएफएमए। इसके साथ ही टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के शीर्ष नेतृत्व, जिनमें श्री तदाशी आसाजुमा (डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर-सेल्स, सर्विस और यूज्ड कार्स) और सुधीप दलवी (चीफ कम्युनिकेशन ऑफिसर, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और डायरेक्टर) शामिल थे, ने भी शिरकत की। कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुए इस आयोजन ने ऐसे उत्सव की शुरूआत की, जो सांस्कृतिक सौहार्द और कलात्मक उत्कृष्टता का प्रतीक माना जाता है। फेस्टिवल से जुड़ाव पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, श्री तदाशी असाजुमा, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर (सेल्स, सर्विस एवं यूज्ड कार्स), टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और लेक्सस, ने कहा, हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल नागालैंड की वास्तविक आत्मा और सांस्कृतिक गौरव को दशार्ता है। यह मंच राज्य की जीवंत परंपराओं, सृजनशीलता और विरासत को आगे बढ़ाने का माध्यम है। यह उत्सव विविध समुदायों को जोड़ता है और यहां की गर्मजोशी, आतिथ्य और संस्कृति को अनुभव करने का अवसर देता है। इस प्रतिष्ठित आयोजन का हिस्सा होना हमारे लिए सम्मान और गर्व का विषय है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के चीफ कम्युनिकेशन ऑफिसर, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और डायरेक्टर, सुदीप दलवी ने कहा, हम नागालैंड सरकार के प्रति हृदय से आभारी हैं, जिसने हमें हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल से जुड़ने और इस क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति तथा प्रतिभा को समर्थन देने का अवसर दिया। इस प्रतिष्ठित आयोजन के साथ हमारा जुड़ाव नागालैंड के प्रति टोयोटा की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर हम नए अवसर विकसित करने, प्रगति को गति देने और राज्य के लिए एक उज्वल एवं आशाजनक भविष्य का निर्माण करने की दिशा में कार्य जारी रखेंगे। फेस्टिवल के दौरान ग्राहकों और आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से टोयोटा ने एक विशेष इंटरैक्टिव पैवेलियन भी स्थापित किया। इस प्रदर्शनी में कंपनी ने अपने पूरे वाहन पोर्टफोलियो और उन्नत ग्रीन टेक्नोलॉजी प्रदर्शित की। इनमें हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन अर्बन क्रूजर हाईराइडर, इनोवा हाईक्रॉस, कैमरी, वेलफायर, इनोवा क्रिस्टा, फॉर्च्यूनर, ग्लैंजा, अर्बन क्रूजर टेसोर, रुमियन और हिलक्स जैसे मॉडल शामिल थे।

# ब्याज दरों में कटौती से उपभोग और वृद्धि को प्रति-चक्रीय प्रोत्साहन मिलेगा : साक्षी गुप्ता

पटना। एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने कहा की आरबीआई ने हमारी उम्मीदों के अनुरूप ब्याज दरों में कटौती की, विकास के लिए आसन्न जोखिमों को पहचाना और कम मुद्रास्फीति से उत्पन्न मौद्रिक गुंजाइश का उपयोग किया। हालांकि वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 8 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई थी, लेकिन निर्यात पर बाहरी प्रतिकूलताओं का जोखिम अभी भी बना हुआ है। इसके अलावा, त्यौहारी सीजन के दौरान खपत में स्थिरता देखी जानी बाकी है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए, ब्याज दरों में कटौती से उपभोग और वृद्धि को प्रति-चक्रीय प्रोत्साहन मिलेगा। हमारा अनुमान है कि वर्ष के मध्य तक मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत से नीचे रहेगी, जिससे पता चलता है कि आगामी तिमाहियों में वृद्धि में गिरावट के संकेत मिलने की स्थिति में ब्याज दरों में एक और कटौती की गुंजाइश बनी हुई है। वैकल्पिक रूप से, यदि हालिया आर्थिक गति जारी रहती है तथा अनुकूल व्यापार समझौते की घोषणा होती है, तो यह दर कटौती चक्र का अंत हो सकता है। हमें वित्त वर्ष 2026 में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2027 में 6.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2026 में मुद्रास्फीति दर 2 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2027 में 4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। ओएमओ खरीद और खरीद/बिक्री स्वैप के माध्यम से टिकाऊ तरलता के प्रवाह से इस दर में कटौती का अधिकाधिक लाभ मिलने की संभावना है, जिससे हाल के एफएक्स हस्तक्षेप से उत्पन्न दबाव को कम करने में मदद मिलेगी, तथा बांड बाजार में ऊपर की ओर बढ़ते दबाव को कम करने में मदद मिलेगी।

# सवा लक्ष श्री गणेश अर्थवशीर्ष पाठ का दो माही विराट महानुष्ठान सम्पन्न

बांसवाड़ा। शहर के सिंहवाव स्थित कपिल केदारेश्वर मन्दिर में दो माह तक चले सवा लक्ष श्रीगणेश अथर्वशीर्ष पाठ महानुष्ठान की पूणार्हुति के उपरान्त कपिल केदारेश्वर मन्दिर विकास ट्रस्ट द्वारा मन्दिर निर्माण में 2 लाख रुपए धनराशि से अधिक के आर्थिक सहयोग हेतु विरेन्द्र सिंह सिसौदिया श्रीमती कल्पना सिसौदिया का सम्मान किया गया। इस महानुष्ठान में 25 गणेशभक्त विप्रवरों द्वारा प्रतिदिन श्री गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ किए गए। महानुष्ठान की पूणार्हुति पं. मनोज डायालाल जोशी के आचार्यत्व में हुई।

# महाराष्ट्र के लिए श्रद्धालुओं को जिला प्रशासन एवं समाजसेवी ने किया रवाना

## प्रभाकर चन्द्रशेखर शुक्ल रिंकू भइया ने बारात घर पर रूके महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं को बाटा कंबल और संकल्प पत्रिका

-आदेश मिश्र



सुलतानपुर(उत्तरशक्ति)। बीते शनिवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में अयोध्या से प्रयागराज जा रही एक टूरिस्ट बस अनियंत्रित ट्रेलर से टकराकर पलट गई। यह घटना कूरेभार कस्बे में हुई। बस में सवार लगभग 44 श्रद्धालुओं में से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से आठ श्रद्धालुओं की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मृतक महिला के शव को विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उनके पैतृक स्थान जलगांव, महाराष्ट्र भेज दिया। शेष 15 घायलों को चिकित्सीय उपचार प्रदान किया गया। इसके बाद उन्हें सुलतानपुर स्थित बारात घर में ठहराने की व्यवस्था की गई और फिर एक निजी बस के माध्यम से लखनऊ के लिए रवाना किया गया। दुर्घटना में कम घायल हुए या सुरक्षित बचे लगभग 39 श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन ने रेलवे का रिजर्वेशन करवाया। नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में इन सभी श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य स्थानों के लिए रवाना किया गया। इस दौरान लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जयसिंहपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल रिंकू ने घायलों और अन्य श्रद्धालुओं से उनकी भाषा में बात कर उनका दुख बांटा। उन्होंने सभी को कंबल और संकल्प पत्रिका भी भेंट किया। श्री शुक्ल ने कहा कि उत्तर प्रदेश उनकी मातृभूमि है और महाराष्ट्र को मौसी का स्थान माना जाता है, इसलिए वह महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं के प्रति विशेष प्रेम और संवेदना रखते हैं। उन्होंने घटना को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया।और दिवंगत आत्मा के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किया। वही नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका के कर्मचारियों और सहयोगियों ने श्रद्धालुओं की मदद के लिए तुरंत कार्य किया। अग्रवाल ने मृतक महिला के प्रति शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में एसडीएम सदर बिपिन द्विवेदी, सदर तहसीलदार देवानंद तिवारी, नायब तहसीलदार धर्मेन्द्र यादव, उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह, अधिवक्ता समर बहादुर सिंह, अमीन संग्रह भृगु देव तिवारी, पत्रकार आदेश मिश्रा, अधिवक्ता सुभाष तिवारी, भाजपा नेता रजनीश त्रिपाठी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष करुणा शंकर दुबे, प्रमोद पांडेय, पालिका कर्मी कपिल श्रीवास्तव समेत कई पत्रकार बंधुओ को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु शाल और संकल्प पत्रिका भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीडीसी संदीप दुबे, बीडीसी संजीत सिंह, अमित तिवारी, शिवाकांत पाल, आकाश दुबे, राजेंद्र यादव, लक्ष्मीकांत शुक्ल, दीपक शुक्ल, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एंटी करप्शन क्राइम ऑफ इंडिया संगठन पदाधिकारियों में फेरबदल



मुंबई। देशभर में भ्रष्टाचार के खिलाफ सक्रिय संस्था एंटी करप्शन क्राइम ऑफ इंडिया (एलियस भ्रष्टाचार मुक्त भारत) ने अपनी राष्ट्रीय बैठक में एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लेते हुए महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों के कई पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह निर्णय संस्था के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्राप्त गंभीर शिकायतों और संगठनात्मक समीक्षा के बाद लिया गया। भ्रष्टाचार एवं निष्क्रियता पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कई जिलों के अध्यक्ष को निलंबित करते हुए संस्था की राष्ट्रीय कार्रवाई समिति द्वारा की गई जांच में महाराष्ट्र के कई जिलों के पदाधिकारियों पर भ्रष्टाचार में शामिल होने, संगठन के उद्देश्यों की अनदेखी, जनहित और समाज सेवा में लापरवाही, जनता की शिकायतों पर कार्रवाई न करने जैसे गंभीर आरोप पाए गए। इसके बाद संस्था ने मुंबई, पुणे, नासिक, सतारा, कोल्हापुर, सोलापुर, ठाणे, नवी मुंबई, नांदेड़, अमरावती, अकोला में कार्यवाही की गयी है।

# आज भी जोधपुर की दिखी अपनायत, डॉक्टर राजेंद्र कुमावत का भावुक स्वागत



खेड़ापा (जोधपुर)। राजकीय आयुर्वेद औषधालय, खेड़ापा में 11 वर्ष पूर्व सेवाएं दे चुके डॉ. राजेंद्र कुमावत का आज जोधपुर जाते समय गांव के लोगों ने आत्मीयता से स्वागत कर उन्हें पुराने दिनों की याद दिला दी। करीब 9 साल बाद जब डॉ. कुमावत अपनी इस पूर्व कर्मस्थली से गुजरे, तो उनका स्वागत कर गांववासियों ने जोधपुर की अपनायत का जीवंत उदाहरण पेश किया। सेवाभावी सरपंच जेठाराम माचरा को जैसे ही यह जानकारी मिली कि डॉ.कुमावत क्षेत्र से गुजर रहे हैं, उन्होंने तत्परता दिखाते हुए अपने साथियों के माध्यम से रमा होटल में उनका अभिनंदन करवाया। इस मौके पर उन्हें साफा पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके द्वारा वर्षों पूर्व दिए गए समर्पित सेवाभाव को याद किया गया। डॉ. कुमावत भी भावुक हो उठे और उन्होंने कहा,आदमी मुसाफिर है,आता है,जाता है–मगर कुछ यादें पीछे छोड़ जाता है। आज फिर अपने लोगों से मिलकर वही अपनापन महसूस हुआ। इस आत्मीय मिलन ने साबित कर दिया कि सच्ची सेवा कभी भूलाई नहीं जाती, और समय बीत जाने पर भी जब वह याद की जाती है, तो संबंध और गहरे हो जाते हैं।

# मिजार्पुर: बेटी को पिलाने के बाद मां ने भी पिया जहर, दोनों की मौत

मिजार्पुर ( उत्तरशक्ति )।विंध्याचल थाना क्षेत्र के तिलई मौआर गांव में एक विवाहिता ने छह वर्षीय बेटी को जहर पिलाने के बाद स्वयं भी पी लिया। हालत खराब होने पर परिजन दोनों को मंडलीय अस्पताल ले गए। यहां से ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया जहां देर रात दोनों की मौत हो गई है। पति सूरत में रहता है। एक सप्ताह पूर्व घर से सूरत गया है। तिलई मौआर गांव निवासी संजना देवी (38) पत्नी बलेंदर पटेल ने शनिवार की दोपहर अपनी पुत्री आस्था (6) विषाक्त सेवन कराने के बाद स्वयं भी जहर पी लिया। बड़ी बेटी अतिस्या (12) को भी पिला रही थी, पर उसने नहीं पिया। मां बेटी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। रेफर होने के बाद वाराणसी में दोनों की मौत हो गई। इस खबर लगते ही पति सूरत से मिजार्पुर के लिए निकल पड़ा। वहीं, सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई थी।

# आजमगढ़ : हत्या के दूसरे दिन घटनास्थल पर धरने पर बैठी मृतका की पत्नी



आजमगढ़ ( उत्तरशक्ति ) ।पुराने जमीन विवाद के चलते शनिवार शाम करीब 6:30 बजे सिकरौड़ा पुलिया के पास बाइक सवार रजनीश पाण्डेय (45) को पांच हमलावरों ने घेरकर गोली मार दी। गोली लगते ही रजनीश सड़क पर गिर पड़े और तड़पने लगे। मौके पर पहुंची 112 पीआरवी पुलिस उन्हें जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता राघव पाण्डेय ने कोतवाली पुलिस में पांच नामजद लोगों के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज कराई है। मृतक रजनीश पाण्डेय की पत्नी रंजना पाण्डेय जिला महिला अस्पताल में एएनएम के पद पर तैनात हैं और वह परिवार सहित अस्पताल परिसर में ही रहती हैं। शनिवार को रजनीश गांव मार्रा कर्मनाथपट्टी (थाना रौनापार) से अपनी पत्नी के पास आजमगढ़ शहर लौट रहे थे। पिता राघव पाण्डेय ने तहरीर में बताया कि नगीना सिंह पुत्र भगवती सिंह, उसके तीन बेटे इन्द्रसेन सिंह, भीमसेन सिंह, उग्रसेन सिंह (सभी निवासी पुरुषोत्तमपुर बनकट, थाना मुबारकपुर) और आजम पुत्र अलीम (निवासी दाऊदपुर बाघखालीस, थाना जीयनपुर) से वर्षों से जमीन का विवाद चल रहा है, जिसका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपियों ने पहले भी पैसे और रसूख के बल पर कई बार रजनीश को जान से मारने की धमकी दी थी। एफआईआर के अनुसार, शाम करीब 6:30 बजे रजनीश बलरियागंज-जुनेदगंज मार्ग से सिकरौड़ा पुलिया के पास पहुंचे थे। तभी पहले से घात लगाए बैठे इन्द्रसेन, भीमसेन, उग्रसेन और आजम ने ललकारा और नगीना सिंह ने तमंचे से गोली मार दी। गोली लगने से रजनीश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए मर्चुअरी हाउस में रखवाया गया है। हेड मोहर्रिर लक्ष्मण यादव ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। वहीं इस मामले में हत्या के दूसरे दिन पत्नी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए घटनास्थल पर परिजनों के धरने पर बैठ गयी। पत्नी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस द्वारा कल बताया गया था कि मरने से पहले उसके पति ने बयान दिया था और वह बयान रिकार्ड किया गया, जिसे पुलिस ने एफआईआर में नहीं जोड़ा, इस तरह पुलिस की कार्यशैली पर कहीं न कहीं न सवाल उठ रहा है। मृतक की पत्नी ने मांग किया स्वयं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयें और पति द्वारा दिये गये बयान के बारे में बतायें।

# रियलमी का सबसे तेज स्मार्टफोन रियलमी पी4एक्स और रियलमी वॉच 5 हुआ लॉन्च

गया। भारत के सबसे लोकप्रिय यूथ स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी पी सीरीज ने अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में रियलमी पी4एक्स लॉन्च और रियलमी वॉच 5 लॉन्च किए हैं। रियलमी पी4एक्स 7000 एमएएच बैटरी के साथ अपने सेगमेंट का सबसे तेज स्मार्टफोन है। वहीं, रियलमी वॉच 5 ब्रांड की नई मेक इन इंडिया स्मार्टवॉच है, जो ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ओईएल) के साथ मिलकर बनाई गई है। ये प्रोडक्ट्स हर कैटेगरी में शक्तिशाली दैनिक परफॉर्मेंस, बेहतर ए.आई क्षमताएं और डिजाइन-फर्स्ट इनोवेशन प्रदान करने की रियलमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। रियलमी पी4एक्स में रियलमी ने चिपसेट एफिशिएंसी, बैटरी एंड्योरेंस और ए.आई आधारित प्रोडक्टिविटी में को काफी अपग्रेड कर दिया है। यह उन युवा ग्राहकों के लिए बनाया गया है जो ऑन-द-गो रहते हुए मल्टीटास्किंग, पढ़ाई, गेमिंग और क्रिएट करते हैं।

# राजन नाइक ने श्रीप्रस्थ कॉम्प्लेक्स में खेल मैदान का किया उद्घाटन



विरार/नालासोपारा। नालासोपारा वेस्ट के श्रीप्रस्थ कॉम्प्लेक्स में विकसित किए गए खेल के मैदान का उद्घाटन शुक्रवार, 6 दिसंबर को नालासोपारा विधानसभा के विधायक राजन नाइक ने किया। शाम 4 बजे आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस मौके पर भाजपा नेता मनोज पाटिल ने कहा कि विधायक राजन नाइक की लीडरशिप में क्षेत्र के खेल मैदानों में अधिक से अधिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रीप्रस्थ कॉम्प्लेक्स का यह मैदान लगभग 3 एकड़ में फैला हुआ है और यह इस इलाके का एकमात्र ऐसा ग्राउंड है जहाँ पूरे वर्ष विभिन्न खेल गतिविधियाँ हो सकती हैं। मनोज पाटिल ने घोषणा की कि मैदान के चारों ओर पाथ-वे बनाया जाएगा, ताकि वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को नियमित रूप से सुबह-शाम टहलने की सुविधा मिल सके। मैदान पर क्रिकेट के अलावा कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल जैसे खेलों के लिए भी अलग से सुविधाएँ विकसित की जाएंगी।

उन्होंने आगे बताया कि शहर में खेल और सार्वजनिक सुविधाओं के विकास के लिए वसई-विरार म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के कब्जे वाली रिजर्वेशन जमीन उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इससे पहले भी इसी इलाके में पार्क के लिए आरक्षित जमीन स्थानीय नागरिकों को उपलब्ध कराई गई थी, जहाँ प्रोटेक्टिव वॉल का काम शुरू हो चुका है।

नालासोपारा-नीलमोर क्षेत्र के सर्वे नं. 268/इ/9, रिजर्वेशन नं. 349 की 6810 वर्ग मीटर जमीन, जो श्श्टउ के गार्डन के लिए आरक्षित है, उस पर लंबे समय से एक राजनीतिक पार्टी का कब्जा था। मनोज पाटिल के हस्तक्षेप और लगातार फॉलो-अप के बाद यह जमीन म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के नियंत्रण में वापस लाई गई। इस गार्डन का शिलान्यास 9 नवंबर को विधायक राजन नाइक ने किया था। विधायक राजन नाइक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस खेलों को विशेष महत्व देते हैं, और इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए वसई विरार मनपा क्षेत्र में खेलों के लिए आरक्षित स्थान 100 प्रतिशत जनता को उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य जारी है। इसी प्रयास के तहत श्रीप्रस्थ कॉम्प्लेक्स के खेल मैदान का लोकार्पण किया गया है।

# विरार वेस्ट में कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास, क्षेत्र में विकास को मिलेगी नई रफ़्तार





विरार। विरार वेस्ट क्षेत्र में आज विभिन्न सार्वजनिक हित के विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास पूरा हुआ। इन परियोजनाओं का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों की रोजमर्रा की आवश्यकताओं को आसान बनाना, बेहतर सड़कें, उन्नत ड्रेनेज सिस्टम और मजबूत सार्वजनिक ढांचा उपलब्ध कराना है। शिलान्यास कार्यक्रम राजन नाईक की उपस्थिति में स्थानीय नागरिकों के हाथों संपन्न हुआ। मुख्य विकास कार्यों में वार्ड 36, उमराले-पाटिल अलीः सड़क पेविंग और एस्फाल्टिंग, बोलिज पाटिल अली पारा से विरार गार्डन न्यू ब्रिजः सड़क पेविंग और एस्फाल्टिंग, वार्ड 3, यूनिटेक एरियाः नए ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण, सब-रजिस्टर ऑफिस से गुरुकुल स्कूल मेन रोडः पेविंग और एस्फाल्टिंग, वार्ड 13, डोंगरपाड़ाः सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार कार्य, वर्तक वार्ड से शक्ति पार्कः RCC ड्रेनेज कंस्ट्रक्शन, पिंपलेश्वर मंदिर से अनुश्री अपार्टमेंटः रोड पेविंग और एस्फाल्टिंग, साईंबाबा मंदिर एरियाः सड़क का पेविंग और एस्फाल्टिंग, आगरी चौकः निर्माण कार्य, वार्ड 4 ऑरेंजः RCC श्मशान घाट शेड का निर्माण और रिपेयर, वार्ड 14 वाई.के. नगरः यशवंत कुंज से यशवंत गैलेक्सी तक रोड एस्फाल्टिंग, वार्ड 29, सुहास अपार्टमेंटः फुटपाथ की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य, विराट नगर-त्रिलोक अपार्टमेंट से लवकुश अपार्टमेंटः सड़क निर्माण और डामरीकरण शामिल हैं।

इन सभी प्रोजेक्ट्स के पूरा होने से इलाके में ट्रैफिक सुगम होगा, जलभराव की समस्या कम होगी और नागरिकों को अधिक सुरक्षित एवं आरामदायक सुविधाएँ मिलेंगी। जनता के सहयोग से विरार का विकास लगातार आगे बढ़ रहा है और यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# वालीव में भाजपा की वर्कर डायलॉग बैठक सम्पन्न, संगठन को मजबूत बनाने पर हुआ जोर






वसई । वसई ईस्ट के वलिव स्थित नागाई मंदिर हॉल, धूमल नगर में आज भारतीय जनता पार्टी वसई ईस्ट साउथ मंडल और वसई ईस्ट नॉर्थ मंडल की ओर से वर्कर डायलॉग बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और आने वाले कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा कार्यकताओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

मीटिंग में मुख्य रूप से वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित, नालासोपारा विधायक राजन नाइक, इखढ वसई विरार जिला अध्यक्ष सौ. प्रज्ञा पाटिल, पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल, जिला महामंत्री जोगेंद्र प्रसाद चौबे, बिजेंद्र कुमार, भूषण किनी, जिला उपाध्यक्ष राजू म्हात्रे, जिला सचिव प्रवीण गावड़े, वसई ईस्ट वलिव मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत वाघमारे, वसई ईस्ट नॉर्थ मंडल अध्यक्ष कुणाल घरात सहित दोनों मंडलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मीटिंग में उपस्थित कार्यकर्ताओं के उत्साह और संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए नेताओं ने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में भाजपा वसई ईस्ट क्षेत्र में और अधिक मजबूती से कार्य करेगी।

# शिक्षकों की आवाज लोकसभा में उठाऊंगी : प्रिया सरोज



जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। आज उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ल के नेतृत्व में लोकसभा सांसद मछलीशहर प्रिया सरोज से पुनः मिलकर प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने सांसद मछलीशहर को बताया कि जुलाई 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षक उस समय हुई भर्ती की सारी अर्हता पूरी करते हुए शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे परंतु माननीय उच्चतम न्यायालय के 1 सितंबर 2025 के निर्णय के द्वारा सभी शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता के आदेश से शिक्षकों में घोर निराशा की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिससे शिक्षक चिंतित एवं आक्रोशित है। संगठन की मांग है कि सरकार आर टी ई एक्ट में 2017 में किए गए संशोधन को रद्द करके पूर्व की भाति 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय में शिक्षकों का पक्ष रखे जिससे देश के लाखों शिक्षकों की सेवा संरक्षित हो सके तथा सरकार द्वारा इस आशय का हलफनामा एनसीटीई के माध्यम से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल करवाए,जिससे शिक्षकों के साथ न्याय हो सके।

शिक्षकों ने सांसद प्रिया सरोज जी से आग्रह किया कि आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री महोदय से हमारी माँग है कि उपरोक्त विषय के संबंध में स्पष्ट निर्देश निर्गत करने हेतु संबंधित संस्था को निर्देशित करे जिससे 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त समस्त सेवारत शिक्षकों को टी ई टी की अनिवार्यता की बाध्यता से मुक्ति मिल सके। शिक्षकों से ज्ञापन प्राप्त करते हुए सांसद प्रिया सरोज ने शिक्षकों को आश्वस्त किया कि यह प्रकरण मेरे संज्ञान में है और आपका ज्ञापन प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा तथा शिक्षकों की आवाज को लोकसभा में भी रखा जाएगा ।

इस अवसर पर कैलाश यादव,राजेश बहादुर सिंह,रामदुलार यादव, शिवेंद्र सिंह रानू, संजय सिंह,अनिल दीप चौधरी,विक्रम प्रकाश,घनश्याम मौर्य, रामकृष्ण विश्वकर्मा,इमरान,जितेंद्र यादव सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।